www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# तरुणमित्र

श्रम ही आधार, खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 24 अंक 01
गुरूवार 24 अप्रैल, 2025

तापमान
अधिकतम 40°C
न्यूनतम 23°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-08 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

# ऐसा जवाब देगें कि दुनिया देखेगी: राजनाथ

## पहलगाम हमले के बाद रक्षा मंत्री ने आतंकियों को ललकारा

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल।** पहलगाम हमले के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आतंकियों को सीधे ललकारते हुए कहा कि नापाक साजिश रचने वालों को ऐसा जवाब दिया जाएगा कि दुनिया देखेगी। भारत ऐसे हमलों से कतई नहीं डरेगा और हम पर्दे के पीछे छिपे लोगों को भी मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस के चलते भारत इस हमले की साजिश की तह तक जाएगा और हम जोरदार तरीके से जवाब देंगे।


रक्षा मंत्री बुधवार शाम को नई दिल्ली में 'अर्जन सिंह स्मृति व्याख्यान' को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कल पहलगाम में धर्म को निशाना बनाते हुए आतंकवादियों के कायरतापूर्ण हमले में हमारे देश ने अनेक निर्दोष नागरिकों को खोया है। इस घोर अमानवीय कृत्य ने हम सभी को गहरे शोक और दर्द में डुबो दिया है। उन सभी परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए उन्होंने इस दुखद समय में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ हमारी जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। भारत का एक-एक नागरिक इस कायरतापूर्ण हरकत के खिलाफ एकजुट है। उन्होंने देशवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि इस घटना के मद्देनजर भारत सरकार हर वो कदम उठाएगी, जो जरूरी और उपयुक्त होगा। हम सिर्फ उन्हीं लोगों तक नहीं पहुंचेंगे, जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। हम उन तक भी पहुंचेंगे, जिन्होंने पर्दे के पीछे बैठकर हिंदुस्तान की सरजमीं पर ऐसी नापाक हरकतों की साजिशें रची हैं। भारत पुरानी सभ्यता वाला इतना बड़ा देश है, जिसे ऐसी किसी भी आतंकी गतिविधियों से डराया नहीं जा सकता। ऐसी हरकतों का जवाब इसके जिम्मेदार लोगों को आने वाले कुछ ही समय में जोरदार तरीके से नजर आएगा कि दुनिया देखेगी। इससे पहले पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादी हमले के बाद बुधवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह के साथ बैठक करके जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा स्थिति से जुड़े सभी मुद्दों पर चर्चा की। पहलगाम में आतंकी हमले के पीछे तीन संदिग्ध आतंकवादियों की पहचान करके उनके स्केच जारी किये गए हैं।

आतंकवाद विरोधी अभियानों के मद्देनजर भारतीय सेना के एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर और आसपास के क्षेत्रों में उड़ान भरने की अनुमति दे दी गई है। पहलगाम के बैसरन पर्यटक स्थल पर चार आतंकवादी मौजूद थे।

लश्कर से जुड़े आतंकवादी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए 26 पर्यटकों के पार्थिव शरीर को उनके संबंधित राज्यों में भेजने के लिए श्रीनगर एयरपोर्ट पर लाया गया है।

### बैठक

- भारत इस हमले की साजिश की तह तक जाएगा
- रक्षा मंत्री ने तीनों सेना प्रमुखों के साथ ढाई घंटे बैठक की
- पहलगाम में आतंकी हमले के पीछे तीन संदिग्ध आतंकवादियों की स्केच जारी
- एएलएच ध्रुव हेलीकॉप्टरों को श्रीनगर, जम्मू-कश्मीर में उड़ान भरने की अनुमति
- अमित शाह ने पहलगाम हमले वाले स्थान बैसरन का किया दौरा



### मृतक परिवारों को 10-10 लाख देगी जम्मू-कश्मीर सरकार

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10 लाख रुपये और घायलों को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। सरकार ने पीड़ितों को उनके घरों तक सम्मानजनक तरीके से पहुंचाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं।

घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा कि निर्दोष नागरिकों के खिलाफ बर्बर और मूर्खतापूर्ण क्रूरता का समाज में कोई स्थान नहीं है।

कोई भी धनराशि प्रियजनों के नुकसान की भरपाई नहीं कर सकती है, लेकिन समर्थन और एकजुटता के प्रतीक के रूप में जम्मू-कश्मीर सरकार मृतकों के परिवारों के लिए 10-10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायल लोगों के लिए 2-2 लाख रुपये और मामूली रूप से घायल लोगों के लिए 1-1 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। इस हमले में सुशील नैथ्याल निवासी इंदौर, सैयद आदिल हुसैन शाह निवासी हापटनार्ड तहसील पहलगाम, हेमन्त सुहास जोशी निवासी तामी मुंबई, विनय नरवाल निवासी करनाल हरियाणा, अतुल श्रीकांत मोनी निवासी डेनियल क्रॉस रोड पश्चिम सम्राट होटल ठाकुरवाड़ी डोंबली के पास पश्चिम,नीरज उधवानी निवासी उत्तराखंड, बिटन अधिकारी निवासी विष्णु कोलकाता, सुदीप न्यूपाने निवासी बटवाल रोपंडी नेपाल, शुभम द्विवेदी निवासी श्याम नगर कानपुर शहर उत्तर प्रदेश, प्रशांत कुमार सत्पथी निवासी मलेश्वर ओडिशा, मनीष रंजन (आबकारी निरीक्षक) निवासी बिहार, एन.रामचंद्र निवासी कोच्चि केरल, संजय लक्ष्मण लाली निवासी ठाणे मुंबई, दिनेश अग्रवाल निवासी चंडीगढ़, समीर गुहार निवासी कोलकाता, दिलीप दासाली निवासी पंवील मुम्बई, जे सचचंद्र मोली निवासी पांडोरंगुरम, विशाखापत्तनम, मधुसूदन सोमिसेट्टी निवासी बेंगलुरु, संतोष जागड़ा निवासी पुणे महाराष्ट्र, मंजू नाथ राव निवासी कर्नाटक, कस्तुबा गनवोटेत्र निवासी पुणे महाराष्ट्र, भारत भूषण निवासी सुंदर नागा बेंगलुरु, सुमित परमार निवासी भावनगर गुजरात, यतेश परमार निवासी भावनगर गुजरात, टेगेहेलिंग (एयरफोर्स का कर्मचारी) निवासी जिरो अरूणाचल प्रदेश, शैलेशभाई एच. हिम्मतभाई कलाथिया निवासी सूरत गुजरात मारे गए है।

### सवालों के घेरे

पहलगाम की दिल दहला देने वाली घटना के साथ एक धर्म और पूरे देश के मुसलमानों को टारगेट करने का जो नैरेटिव कल से चल रहा है और जिसे बहुत से लोग सोशल मीडिया पर आगे बढ़ा रहे हैं, बहुत शर्मनाक और बहुत घृणित है। ये तमाम लोग बुनियादी तौर पर हत्या -हत्या में फर्क करने वाले घोर सांप्रदायिक हैं। ये लोग वो नहीं हैं जिन्हें सच में इस देश की हरेक मासूम जिंदगी के लिए दर्द हो, तकलीफ हो। भाजपा बार -बार यही करती रही है। 90 और 2000 के दशक में तमाम आतंकी घटनाओं के बाद एक एसएमएस फॉरवर्ड होने लगता था कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन हर आतंकवादी मुसलमान ही क्यों होता है। इस जहरबुझे नैरेटिव पर भाजपा तब भी सत्ता में आयी थी और कारगिल हुआ था और ये लगातार तीसरी बार है, जब भाजपा सत्ता में है। कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे का ऐलान लगातार गृहमंत्री अमित शाह करते रहे हैं, लेकिन पुलवामा आज तक एक अनुत्तरित प्रश्न है। जाति से धर्म की ओर टारगेट कर पोस्टर जारी करने वाली पार्टी इस देश में रोज जाति के आधार पर होने वाली हत्याओं का पोस्टर कभी नहीं जारी करती। मुसलमानों के खिलाफ टारगेटेड हिंसा, हत्या का पोस्टर जारी नहीं करती, मणिपुर पर पोस्टर जारी नहीं करती। सच में इस देश की फिक्र है तो इस देश के हर नागरिक की फिक्र करिये, सवाल सिर्फ और सिर्फ सत्ता से है कि आखिर इतने बुलंद इकबाल का दावा करने वाली सरकार क्यों नहीं पहलगाम में इस हिंसा को रोक सकी? क्यों आतंकवादी घुस आए हैं कश्मीर में और क्यों वहां सैन्य सुरक्षा नहीं थी जो ऐसी किसी घटना पर तुरंत एक्शन लेती। हो सकता है तब एक -दो जान गयी होती, बाकी लोग बच जाते। सच कहें तो, यह घटना जितनी दुःखद है उतना ही गुस्सा मूल सवालों से भटकाने वाली इस सत्ता और उसे इंडोर्स करने वाले लोगों से है। आखिर कब तक चलेगा ये ? कितनी बार पुलवामा की चुनावी फसल काटकर बच लेंगे ये ? सवाल सत्ता से पूछिए, कश्मीर में ये जानें नहीं जानी थी, 370 हटाने और आतंकवाद के खात्मे के दावे के बाद तो बिल्कुल नहीं। ये और ऐसे तमाम सवालों के घेरे हैं जिनका जवाब हर भारतीय को मिलना चाहिए।

### सबक लिया गया होता तो पहलगाम नहीं घटता : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखकर कहा कि यह असीम दुःख की घड़ी है। इसको दिखावटी बैठकों से और झूठी संवेदनाओं से झुठलाने का कृत्य न किया जाए। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि जब जम्मू-कश्मीर में भाजपा सरकार ने सब कुछ अपने मन मुताबिक किया है तो वो इतने अधिक लोगों की असामयिक मौत के लिए अपनी ज़िम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकती। पहले से पता नहीं चला कि देश के दुश्मन इतनी वीभत्स घटना को अंजाम देने वाले हैं। यह बड़ी चूक है। ये कोई पहली बार नहीं हुआ है। पिछली घटनाओं से सबक लिया गया होता तो ऐसे हमलों को रोका जा सकता था। लोगों के जीवन को बचाया जा सकता था।

### निर्दोष नागरिकों पर बर्बर हमला : खरगे

#### पहलगाम आतंकी हमले पर बोले कांग्रेस अध्यक्ष

**बेंगलुरू, 23 अप्रैल।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह हमारे देश की एकता व अखडंता पर सीधा हमला है। बेंगलुरू में बुधवार को संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले इंसान नहीं हो सकते। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर सीधा हमला है। यह 2000 में चित्तिसिंहपुर नरसंहार के बाद सबसे जघन्य हमलों में से एक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आतंकवाद के इस कायराना कृत्य और इसके लिए जिम्मेदार लोगों की निंदा करती है। केंद्र सरकार आतंकवादियों के खिलाफ तुरंत सख्त कार्रवाई करे। जब देश की सुरक्षा की बात आती है तो हम सभी एकजुट हैं और केंद्र सरकार के समर्थन में खड़े हैं। उन्होंने मांग की है कि केंद्र सरकार तुरंत सर्वदलीय बैठक बुलाए। उन्होंने इस घटना को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और स्थानीय नेताओं से बातचीत की है। खरगे ने कहा कि इस घटना पर चर्चा के लिए गुरुवार सुबह 11 बजे नई दिल्ली में कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक होगी।



### पहलगाम हमले से 'टीआरएफ' फिर सुर्खियों में

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल।** पहलगाम आतंकी हमले से एक बार फिर सुर्खियों में आया द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) समूह पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का मुखौटा संगठन है।

पाकिस्तान में रहने वाला शेख सज्जाद गुल इसका सरगना है। 2019 में स्थापित टीआरएफ पर भारत सरकार कई बार जम्मू और कश्मीर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा पहुंचाने वाली विभिन्न गतिविधियों में शामिल होने का आरोप लगा चुकी है। इस संगठन को खड़ा करने की साजिश सीमा पार से रची गई थी। टीआरएफ के गठन में लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन के साथ पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई की भूमिका रही है।

### संक्षिप्त समाचार

#### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, दो आतंकवादी मारे गए

**बारामूला, 23 अप्रैल।** जम्मू- कश्मीर के बारामूला जिले के उरी नाला इलाके में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस दौरान हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। एक्स के माध्यम से सेना की चिनार कोर ने कहा कि सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच भारी गोलीबारी हुई है और दो आतंकवादियों को मार गिराया गया है। इस दौरान चल रहे ऑपरेशन में सुरक्षाबलों ने घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया है। आतंकवादियों से बड़ी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद और अन्य युद्ध सामग्री बरामद हुई है।

#### पीट-पीटकर मां की बेटे ने की हत्या

**प्रयागराज, 23 अप्रैल।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में मंगलवार की देर रात एक महिला की उसके बेटे ने पीट-पीटकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर पूछताछ करते हुए कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उपायुक्त नगर अभिषेक भारती ने बुधवार ने बताया कि पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के असरापुर गांव निवासी लीलावती (55) पत्नी चन्द्रपाल भारतीय की उसके बड़े बेटे अंजीस ने बीती देर रात डंडे से पीट पीटकर हत्या कर दी। परिवार के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिवार की तहरीर पर हत्या का मुकदमा दर्ज आरोपित बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है।

#### प्रधानमंत्री मोदी का कानपुर दौरा स्थगित

**कानपुर, 23 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार, 24 अप्रैल को कानपुर के लिए होने वाला दौरा स्थगित कर दिया गया है। यह फैसला पहलगाम हमले को लेकर किया गया है। पीएमओ कार्यालय ने प्रधानमंत्री के दौरे को स्थगित करने की जानकारी कानपुर प्रशासन को भेज दी है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने बताया कि प्रधानमंत्री का दौरा स्थगित कर दिया गया है।

### अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने परिवार संग किया ताजमहल का दीदार

**आगरा, 23 अप्रैल।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, पत्नी उषा और बच्चों के साथ आगरा पहुंचे। ताजमहल का दीदार किया। करीब डेढ़ घंटे तक परिवार के साथ जेडी वेंस ने मोहब्बत की इमारत का दीदार किया। इस दौरान उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि ताजमहल वास्तव में अद्भुत है।

ताजमहल परिसर में पहुंचते ही अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के चेहरे पर अलग ही मुस्कान दिखाई दी। मानो वह ताज की खूबसूरती को शब्दों में बयां नहीं कर पा रहे थे। पत्नी और बच्चों के साथ इस दौरान उन्होंने फोटो खिंचाए। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस अपनी पत्नी उषा व तीन बच्चों के साथ बुधवार सुबह 10:20 बजे ताजमहल देखने पहुंचे। शिल्पग्राम से बैटरी कार में बैठकर वह ताजमहल पहुंचे। यहां अधिकारियों ने उनका स्वागत किया।



- बताया अद्भुत है यह इमारत, पत्नी और बच्चों के साथ उन्होंने फोटो खिंचाए

### बिहार पुलिस अलर्ट पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की गयी कड़ी

**पटना, 23 अप्रैल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट हो गयी है और आतंकी हमले को देखते हुए बिहार के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस ने तत्काल अहम बैठक की और सुरक्षा के लिए कई अहम निर्णय लिये,जिसे फॉलो कराया जा रहा है। बिहार के वनों से लेकर नालंदा खंडहर, राजगीर, पावापुरी समेत जिले के अन्य टूरिस्ट प्लेस के चप्पे- चप्पे पर नजर रखने के लिए कई उच्चस्तरीय टीमों का गठन किया गया है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राजगीर, नालंदा, पावापुरी समेत जिले का कोई भी पर्यटक स्थल पर आतंकी हमला का कभी इतिहास नहीं रहा है।




बिहार के राज्यपाल हरित मोहम्मद खान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए।

### देश का नया टेक्सटाइल हब बनेगा छत्तीसगढ़

#### मुंबई में आयोजित सीएमएआई फैब शो में शामिल हुए मुख्यमंत्री साय

**मुंबई/रायपुर, 23 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य में वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने नवा रायपुर में नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइन संस्थान खोलने की मंजूरी देने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार को मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में आयोजित सीएमएआई फैब शो 2025 को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार ने सीएमएआई (क्लोदिंग मैन्युफैक्चरर एसोसिएशन ऑफ इंडिया) के साथ एमओयू भी साइन किया है। इससे छत्तीसगढ़ को वस्त्र, गारमेंट और हैंडलूम सेक्टर में एक उभरता केंद्र बनने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि हाल ही में हमने कैबिनेट ने नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फैशन डिजाइन के संस्थान को नवा रायपुर में खोलने की मंजूरी दी है। इस संस्थान के निर्माण पर 271 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इस संस्थान से छत्तीसगढ़ में टैक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में चांपा की कोसा साड़ियां अपने शिल्प में बेमिसाल हैं।

सीएमएआई से एमओयू और निफ्ट की स्थापना से चांपा के कोसा जैसे वस्त्रों की ब्रांडिंग, प्रमोशन में बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कपड़ा उद्योग प्रत्यक्ष रूप से ग्रामीण स्वरोजगार, तकनीक और कौशल विकास से जुड़ा है। नई औद्योगिक नीति में हमने इन सभी सुविधाओं का ख्याल रखते हुए टैक्सटाइल सेक्टर से जुडे.एमएसएमई को बढ़ावा देने का प्रयास किया है।

हम एक हजार से अधिक स्थानीय लोगों को रोजगार देने वाले उद्यमों को विशेष अनुदान दे रहे हैं। एक सौ करोड़ के इन्वेस्टमेंट में 252 करोड़ की प्रतिपूर्ति हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने बताया कि बस्तर और सरगुजा जैसे क्षेत्रों में उद्यम शुरू करने पर विशेष रियायतें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो सिस्टम, इज आफ डूइंग बिजनेस और स्पीड आफ डूइंग बिजनेस की नीतियों के चलते बहुत तेजी से निवेश प्रस्तावों को स्वीकृति दी जा रही है।

### पहलगाम हमला : लश्कर का डिप्टी चीफ भी, तो टीआरएफ का सरगना भी

## शैतानियत का ताजा चेहरा बनकर उभरा सैफुल्लाह

■ कुमार सौवीर

**नई दिल्ली, 23 अप्रैल।** कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के फ्रंट ग्रुप 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' यानी टीआरएफ ने ली है। संगठन का प्रमुख चेहरा सैफुल्लाह खालिद इस हमले के बाद शैतानियत के ताजा चेहरे के रूप में उभरा है।

लश्कर के डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद को सैफुल्लाह कसूरी भी कहा जाता है। यह वही आतंकी है जो भारत में कई बड़े हमलों में शामिल रहा है और हाफिज सईद का बेहद करीबी माना जाता है। सैफुल्लाह की ताकत का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पाकिस्तान में सेना के अफसर भी इसके स्वागत में फूल बरसाते हैं। वो हमेशा लग्जरी गाड़ियों से चलता है और उसकी सुरक्षा में भारी हथियारों से लैस आतंकी रहते हैं। वह पाकिस्तानी सेना को भारत के खिलाफ भड़काने में लगा रहता है। पहलगाम हमले से ठीक दो महीने पहले वह पाक सेना के एक बड़े कैंप में पाक सैनिकों को भारत के खिलाफ जहरीले भाषण देकर आया है जिसमें उसने कहा कि जितने ज्यादा भारतीय सैनिकों को मारोगे, अल्लाह उतना ही इनाम देगा। एक और कार्यक्रम में सैफुल्लाह ने एलान किया कि वह 2 फरवरी 2026 तक कश्मीर को आजाद कराने की पूरी कोशिश करेगा।

कार्यक्रम में आईएसआई और पाक सैनिक भी मौजूद थे तो हथियारबंद आतंकी समूह भी। उसने पिछले साल एबटाबाद के जंगलों में हुए एक कैंप में सैकड़ों पाक युवकों को आतंक ट्रेनिंग दी और खुद भारत में हमले के लिए आतंकियों का चयन भी किया और सीमापार घुसपैठ भी कराई।

यही नहीं, 2019 में जब भारत ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाई, तब पाकिस्तान में बैठे आतंकियों ने लश्कर और जैश जैसे संगठनों को बचाने के लिए टीआरएफ के चेहरे के रूप में सैफुल्लाह को सामने से उतारा। इस ग्रुप के पास 'हिट स्क्वॉड' और 'फाल्कन स्क्वॉड' जैसे खतरनाक आतंकी मॉड्यूल हैं, जो आने वाले समय में और भी बड़े हमले कर सकते हैं।

### आतंक

- पाक सेना और आतंकी कैम्पों में करता है नए-नए मिलिटैंट तैयार
- 2 फरवरी 26 तक कश्मीर की आजादी की उठा चुका है कसम

# सभी प्रखंडों में 54 पंचायतों में ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन

**गया, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जिले के सभी प्रखंडों में 54 पंचायतों में ग्राम संगठनों के माध्यम से महिला संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।इन कार्यक्रमों में टीवी स्क्रीन से सुसज्जित 26 गाड़ियों की मदद से वीडियो दिखाकर विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई जहाँ संवाद रथ टीवी स्क्रीन से सम्बंधित कोई समस्या दिखी प्रोजेक्टर के माध्यम से भी संवाद कार्यक्रम को सुचारु रूप से चलाया गया।

जिले में यह कार्यक्रम 3167 ग्राम संगठनों के मध्यम से लगभग दो महा तक चलाया जाना है।महिला संवाद कार्यक्रम सभी जगह अपनी बात कहने के लिए महिलाओं में उत्साह देखा गया।उन्होंने यहाँ अपनी स्थानीय समस्यों जिक्र किया।साथ ही सरकार की विभिन्न योजनाओं से मिले लाभ के विषय में बताया।

आमस के कौन निवासी रीना देवी ने सर्कार ने महिलाओं को अनमनिभर करने के लिए बहुत अच्छी योजना चलाई है।पहले महिलायें बैंक जाने से कतराती थी लेकिन आज बेहिचक बात करती हैं।हमारी कोई थी आज हमारी भी पहचान है।पहले रास्ते में डर लगता था लेकिन पुलिस की वजह से आज स्थिति पहने से ठीक हुई है।नीमचक बथानी के नीमथु गांव में विकास ग्राम संगठन की दीदियों ने रोड़, पीने के पानी और लाइब्रेरी की जरुरत के विषय में बताया।गुरारू की महिलाओं ने कहा चाहते है की सर्कार स्वच्छता पर ध्यान दे नाली-गली की सफाई की जाए। पानी की सुविधा सभी तक पहुंचे।किसी ने कहा सरकार को सबके लिए मुफ्त शिक्षा एवं स्वाथ्य सुविधा देनी चाहिए।नजदीक में अस्पताल हो, दवाई फ्री मिले।किसी ने कहा रोजगार के लिए बहार न जाना पड़े सरकार को ऐसा कार्य करना चाहिए।महिलाओं ने संवाद कार्यक्रम में खुल कर अपनी आशा एवं आकांक्षाओं का जिक्र किया।

महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।उन्हें कैसे आगे बढ़ना है बताया गया।योजनाओं की जानकारी के लिए उन्हें योजनाओं के विवरण वाला लीफलेट वितरित किये गए।

उन्हें सरकार की महिला सशक्तिकरण नीति, महिला हेल्प लाइन, महिला आरक्षण, कन्या उत्थान योजना, अक्षर आँचल योजना, सतत जीविकोपार्जन योजना आदि की जानकारी दी गई। महिला संवाद कार्यक्रमों में महिलाओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों के आधार पर उनकी सामुदायिक विकास संबंधी अपेक्षाओं और सुझावों का संकलन किया गया।इन कार्यक्रमों में गर्मी के वाबजूद महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रूप से बढ़ रही है, जिससे उनके सामुदायिक विकास में सक्रिय योगदान एवं जागरूकता देखने को मिला रही है।

## मंत्री श्रवण कुमार ने पहलगाम आतंकी घटना पर जताया गहरा दुख

**पटना।** जद(यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में बुधवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए आमजनों की समस्याएं सुनीं और उनके त्वरित समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. नवीन आर्य चंद्रवंशी एवं वरीय नेता मृत्युंजय सिंह भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के उपरांत श्रवण कुमार ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे मानवता पर कायराना हमला करार दिया।

# स्वास्थ मंत्री ने एम्स स्थल का निरीक्षण कर कहा जल्द बनेगा एम्स का विशाल भवन

**दरभंगा, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** एम्स निर्माण का कार्य दरभंगा में शुरू हो गया है। आवश्यक प्रारंभिक कार्यों के लिए उपकरण तथा मशीन आना शुरू हो गया है। साथ ही प्रारंभिक कार्य के लिए मेटेरियल बालू, गिट्टी, मिट्टी भी गिरना शुरू हो गया है। यह बातें बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने बुधवार को एम्स स्थल का निरीक्षण करने के बाद कहा।

उन्होंने कहा कि जब कोई बड़ा संस्थान का निर्माण होता है तो सबसे पहले चाहर दिवारी का कार्य शुरू होता है। एम्स का बाउंड्री कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री बिहार की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्य किया गया था। भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य का प्रारंभ हो गया है।



उन्होंने कहा कि शीघ्र ही बाउंड्री के बाद एक विशाल भवन निर्माण कार्य शुरू होगा। दरभंगा वासी और संपूर्ण मिथिला वासियों के लिए बहुत अच्छी खबर है कि एम्स निर्माण का काम शुरू हो गया है।इस अवसर पर भू राजस्व और भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, सांसद गोपालजी ठाकुर, हायाघाट विधायक राम चन्द्र साह, डीएम राजीव रौशन आदि उपस्थित थे।

# जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमला अत्यंत निंदनीय व हृदयविदारक : सुनील

**कटिहार, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** बुधवार को राजेंद्र आश्रम कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार यादव के अध्यक्षता में व कार्यक्रम के पर्यवेक्षक मनु मानव की मौजूदगी में हर घर झंडा अभियान शुरू किया गया जबकि इस कार्यक्रम की सफलता को लेकर भी विशेष चर्चा किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में कटिहार कांग्रेस के सभी प्रखंडों के प्रखंड अध्यक्ष के साथ-साथ जिला कमेटी के कई पदाधिकारीयों ने भाग लिया। इस बैठक के पश्चात एक शोकसभा का भी आयोजन किया गया जिसमें पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृतकों के लिए दो मिनट का मन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।



मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि इसका उद्देश्य कांग्रेस की नीतियों को आम जनता तक पहुंचाना है और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त करना हैं उन्होंने कहा कि बैठक में यह तय किया गया कि पार्टी को मजबूत बनाने को लेकर पार्टी द्वारा हर घर झंडा अभियान चलाया जायेगा इस कार्यक्रमों को प्रखंड के घर-घर तक पहुंचाने का सभी प्रखंड अध्यक्ष व जिला कांग्रेस कमेटी ने संकल्प भी लिया हैं।

जिलाध्यक्ष ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर गहरा शोक व्यक्त किया है उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्ति करते हुए कहा कि मेरी संवेदना उन सभी परिवारों के साथ है जिन्होंने इस नृशंस हमले में अपनी जान गंवाई। इसे माफ नहीं किया जा सकता। वहीं कार्यक्रम के पर्यवेक्षक मनु मानव ने कहा कि इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता हर घर में पार्टी का झंडा लगाएंगे साथ ही कांग्रेस की विचारधारा का समर्थन करने वाले लोगों से आग्रह करेंगे कि वो अपने गांव, कस्बों और घरों में झंडा लगाएं। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के दिलीप विश्वास, आले रसूल, अम्रपाली यादव, मुन्ना सिंह, राजीव कुमार, शहनवाज खान, प्रदीप कुमार पासवान, फिरोज आलम, सुनीता देवी, राजेश रंजन मिश्रा, आफताब आलम, कंचन दास, मनी पासवान, अल्तमश दीवान, मो० शहंशाह, मोहम्मद जलील, मोहम्मद गुलाम शाहिद, सत्यनारायण चौधरी, सिमरनजीत सिंह, अंसार काजमी, तनवीर रजा, अबरार अहमद, नीरज कुमार, मोहम्मद रियाज, प्रीतम चक्रवर्ती, संजय सुमन, जयनंदन सहित कई कांग्रेस नेता मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## पहलगाम हमले की बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी- पटेल

**गया, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जदयू जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने पहलगाम में निर्दोष सैलानियों पर हुए आतंकी हमले को कड़े शब्दों में निंदा करते हुए बुधवार को कहा कि आतंकियों द्वारा कायरतापूर्ण घटना किया गया है। पटेल ने आतंकी हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि गया जिला जदयू परिवार पीड़ित परिवार के साथ है और घायल लोगों को जल्द स्वस्थ होने की कामना करते हैं। जदयू जिला प्रवक्ता ने कहा कि धर्म पूछकर हत्या करने से यही प्रतीत होता है कि कही न कही पाकिस्तान द्वारा सुनियोजित तरीके से घटना को अंजाम दिया गया है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह लगातार घटना पर नजर बनाए हुए हैं, बहुत जल्द पाकिस्तान को इसकी बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत किसी ऐसी घटना करने वाले एवं साजिश में शामिल लोगों को बक्शेगा नहीं।जदयू इस संकट के घड़ी में देश के साथ खड़ा है, सरकार कड़ा से कड़ा कदम उठाए और हमला करवाने वाले को सबक

# कुरसेला रेक पॉइंट का शुभारंभ, किसानों को मक्का का मिल सकेगा उचित मूल्य

**कुरसेला, कटिहार, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कुरसेला में इस वर्ष के मक्का का रेक पॉइंट का बुधवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा पाठ करके शुभारंभ किया गया। इस पॉइंट के शुभारंभ से किसानों को अपनी फसल उचित मूल्य पर बेचने में मदद मिलेगी। बताते चलें कि अपनी मेहनत की बदौलत क्षेत्र के किसानों ने केला के बाद अब मक्का की खेती कर अपनी तकदीर ही नहीं बल्कि क्षेत्र की तस्वीर भी बदल रहे हैं। मक्के की अच्छी पैदावार के कारण यह क्षेत्र मक्का का कटोरा बन गया है। वर्तमान में यहां से बड़ी मात्रा में मकई की आपूर्ति बाहर की जा रही है।

प्रखंड सहित बरारी, कुसेर्ला, कोढ़ा, प्राणपुर, मनसाही आदि प्रखंडों में मकई की फसल लहलहा रही है। यहां की कुल भूमि में आधे से अधिक पर मकई की खेती की जाती है। मक्के की फसल साल में दो बार लगायी जाती है। लेकिन बड़े पैमाने पर इसकी खेती अक्टूबर से अप्रैल माह में होती है। अक्टूबर से फसल बुआई शुरू होती है एवं मार्च से कटाई शुरू हो जाती है। एक एकड़ में 35 से 40 क्विंटल तक मकई की उपज होती है। कोरोना काल में भाव ठीक नहीं मिला। लेकिन इस बार बाजार भाव ठीक रहने से मकई की कीमत किसानों को खासा मुनाफा भी हुआ है। इस बार भी बड़े पैमाने पर किसानों ने मकई की खेती की। वर्तमान में मक्का 22 -23 सौ रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है।

व्यवसायो का कहना है कि जिले में मकई की खेती नगदी फसल के रूप में की जाती है। इसका व्यवसाय सालों भर होता है। अगर सरकार मक्का आधारित उद्योग लगाया जाए तो यह क्षेत्र औद्योगिक रूप में विकसित हो जाएगा। साथ ही सरकारी समर्थन मूल्य का निर्धारण हो और मक्का पर आधारित उद्योग लग जाए तो यहां के किसानों की तकदीर बदल सकती है। स्थानीय विधायक का कहना है कि कटिहार जिला में मकई की अच्छी खेती होती है। इसलिए मक्का आधारित उद्योग यहां लगाने के लिए सरकार से मांग की जाएगी।

## जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में प्रदर्शन सह पुतला दहन किया

**बोधगया (गया), 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बोधगया नगर ईकाई इस घटना की घोर निंदा करती है और भारत सरकार एवं राज्य सरकार से इसके विरोध में कड़ी कार्रवाई हेतु आग्रह करती है।जिला संयोजक अमन शेखर ने बुधवार को कहा कि पिछले ढाई दशक में यह कश्मीर में पर्यटकों या श्रद्धालुओं पर अब तक का सबसे बड़ा आतंकी हमला है।मैं कड़े शब्दों में आतंकी हमले की निंदा करता हूं।

मै इस आक्रोश मार्च से बता देना चाहता हूं कि अभी भी हिन्दू नहीं सुधरे तो आगे भी हिंदुओं का यही हाल होगा जो आज कश्मीर के पहलगाम में हुआ। नगर मंत्री अमित कुमार सिन्हा ने कहा कि कश्मीर में सुरक्षा एवं विश्वास के वातावरण की बहाली से हताश पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने मंगलवार दोपहर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के बैसरन की वादियों में सुकून के पल बिताने आए पर्यटकों से घूम-घमकर पहचान पूछी और गैर मुस्लिम होने पर बेहद करीब से गोलियां मारीं। इसमें 28 लोगों की मौत हो गई और दो दर्जन से ज्यादा घायल हो गए। वही प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य हर्ष कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला बेहद निंदनीय और दुखद है।बेगुनाह लोगों पर हमला करना कायरता की निशानी है।इस अमानवीय कृत्य की हम कड़े शब्दों में निंदा करते हैं और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हैं।


मौके पर प्रांत सोशल मीडिया सह संयोजक सुमित मौर्य, सौरभ स्वराज, पिंटू कुमार, अमरनाथ कुमार, शुभम कुमार, विशाल कुमार, बिपिन कुमार, प्रिंस कुमार, दीपू कुमार, ओमप्रकाश, दिवाकर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## इंडिया के क्विक कॉमर्स बूम को सपोर्ट करेगा गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस

**पटना, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप का स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर की मांग को पूरा करने के साथ ही इस सेक्टर को सपोर्ट करने के लिए अपनी क्षमताओं को और भी मजबूत कर रहा है। साथ ही यह ई-कॉमर्स, रिटेल और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स (3पीएल) में भी अपनी मजबूत उपस्थिति बनाए हुए है। जैसे-जैसे भारत का वेयरहाउसिंग क्षेत्र बदल रहा है, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप व्यवसायों को स्मार्ट, तकनीक-संचालित समाधानों के साथ सशक्त कर रहा है, जो तेज, लचीले और भविष्य के लिए तैयार हैं। विकास चौधा, बिजनेस हेड, स्टोरेज सॉल्यूशंस बिजनेस, गोदरेज एंटरप्राइजेज ग्रुप, ने कहा, अगले 2-3 वर्षों में नए जमाने के स्टार्टअप्स और मौजूदा ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा 10 मिलियन वर्ग फीट से अधिक के मदर हब्स जोड़ने की संभावना है।

# सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर अडिग, दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा : मंगल पांडे

**दरभंगा, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** बहादुरपुर विधानसभा के हरिपट्टी पंचायत स्थित सलहा गांव में बुधवार को भाजपा नेता इंद्रकांत झा के निवास पर बहादुरपुर दक्षिणी मडंल के कार्यकताओं की बैठक हुई। दक्षिणी मंडल अध्यक्ष संजय ठाकुर की अध्यक्षता में हुई बैठक को संबोधित करते हुए बिहार सरकार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि कल मधुबनी के विदेश्वर स्थान में होने वाला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा।



स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि हम सभी भाजपा कार्यकताओं को पहलगाम, जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले से गहरा दुख हुआ है। निर्दोष लोगों पर किया गया यह कायराना हमला बेहद निंदनीय है। मोदी सरकार आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति पर अडिग है। दोषियों को किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पहलगाम के आतंकी हमले में अपनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुःख को शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने सभी लोगों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी में होने वाले ऐतिहासिक जनसभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आवाहन किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज से दरभंगा एम्स का काम भी प्रारंभ हो गया है। प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में एवं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में मिथिला सहित संपूर्ण बिहार में विकास के अनेकों कार्य किए जा रहे हैं। स्थानीय सांसद गोपाल जी ठाकुर ने कहा कि कि कल का दिन मिथिलावासियों के लिए ऐतिहासिक दिन होगा। पूर्व जिला उपाध्यक्ष ज्योति कृष्णा झा लवली के संचालन में हुए कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री हरि सहनी, केवटी के विधायक डॉ. मुरारी मोहन झा, दरभंगा जिला अध्यक्ष प्रो. आदित्य नारायण चौधरी मन्ना, निवर्तमान जिला अध्यक्ष जीवछ सहनी, जिला प्रभारी उमेश कुशवाहा, इंद्रकांत झा, मनीष झा, महिला मोर्चा की महामंत्री मीना झा, जिला उपाध्यक्ष राहुल पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी आदि ने भी भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### आतंकी हमले में मारे गए लोगों को कांग्रेसियों ने दिया श्रद्धांजलि

**दरभंगा, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिला कांग्रेस कमेटी ने घोर निंदा की है। बुधवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस कायकताओं ने जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान के नेतृत्व में हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद जिलाध्यक्ष ने कहा कि सरकार जम्मू कश्मीर में हालात सामान्य होने के खोखले दावों के बजाय अब जवाबदेही लेते हुए ठोस कदम उठाए ताकि आगे ऐसी बर्बर घटनाएं न होने पाएं। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता मो. असलम ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए घायलों के जल्द स्वास्थ्य होने की कामना की। साथ ही उन्होंने कहा कि हर भारतीय का फर्ज है कि वो सरकार से पूछे कि उसकी सुरक्षा के लिए कौन जिम्मेदार है।

### कोलासी बाजार में कई महीनों से खराब पड़ी हाई मास्क लाइट

**कोढ़ा, कटिहार, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड के कोलासी बाजार में स्थापित हाई मास्क लाइट कई महीनों से खराब पड़ी है, जिससे संध्या होते ही पूरा बाजार अंधकार में डूब जाता है। इस स्थिति के कारण न केवल स्थानीय दुकानदारों को कारोबार में कठिनाई हो रही है, बल्कि बाजार क्षेत्र में प्रशासनिक निगरानी भी प्रभावित हो रही है। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि अंधेरे के कारण चोरी की आशंका बनी रहती है और ग्राहक भी असहज महसूस करते हैं। सब्जी विक्रेता तस्वीर आलम ने बताया कि अंधेरे में ग्राहकों को सब्जी दिखाना कठिन होता है, जिससे बिक्री पर असर पड़ रहा है। वहीं रजब अली नामक दुकानदार ने कहा कि जब हाई मास्क लाइट चालू रहती थी, तो बाजार क्षेत्र रोशन रहता था और माहौल भी सुरक्षित लगता था। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब पड़ी लाइट की मरम्मत करवाई जाए ताकि बाजार में फिर से रोशनी लौटे और लोगों को राहत मिले।

### एमएलए निशा सिंह ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय केलाबाड़ी में चारदीवारी सह गेट निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

**आजमनगर, कटिहार, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** आजमनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केलाबाड़ी पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय केलाबाड़ी में चारदीवारी सह गेट निर्माण कार्य का शिलान्यास बुधवार को प्राणपुर विधायक निशा सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, आजमनगर मुख्यालय के महामंत्री मनोज कुमार भगत, ब्रह्मदेव मंडल, सुनील मंडल, धीरेंद्र शर्मा, परमानंद सिंह, मुखिया प्रतिनिधि सहित भाजपा कार्यकर्ता व स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। विधायक निशा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय परिसर की सुरक्षा एवं सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से यह निर्माण कार्य अत्यंत आवश्यक था। उन्होंने बताया कि यह कार्य उनके विधायक निधि से शुरू कराया जा रहा है, ताकि विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ और सौंदर्यपूर्ण वातावरण मिल सके। स्थानीय लोगों ने विधायक द्वारा लिए गए इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे विद्यालय की गरिमा में वृद्धि होगी और छात्र-छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक माहौल मिलेगा।




### विवाहिता हत्याकांड के फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया गया

**टिकारी(गया), 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** थाना की पुलिस ने विवाहिता हत्याकांड के फरार आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया।अनुसंधानकर्ता विवेकानन्द सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने टिकारी थानाक्षेत्र के लाव ग्राम व जहानाबाद जिला के विशुनगंज थानाक्षेत्र के धराउत ग्राम में आरोपियों के घर इश्तेहार चस्पा किया। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि लाव ग्राम में विवाहिता की निर्मम हत्या कर शव को मोरहर नदी में दबा दिया गया था।कांड के अनुसंधान की जिम्मेवारी एसआई विवेकानंद सिंह को दी गई थी।कांड में शामिल तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था वहीं अन्य आरोपी फरार है।न्यायालय द्वारा आरोपियों को आत्मसमर्पण करने का इश्तेहार चस्पा करने का आदेश दिया गया।न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने विशुनगंज थाना क्षेत्र के धराउत ग्राम अप्राथमिक अभियुक्त बिरजू प्रसाद के पुत्र श्रीकांत कुमार के घर व टिकारी थाना क्षेत्र के लाव ग्राम के रहने वाले मृतका के पति सुनील कुमार, देवर उदित कुमार, ननद आरती कुमारी व सास सम्पतिया देवी के घर इश्तेहार चस्पा किया।मृतका के ससुर सत्येन्द्र प्रसाद को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

### खेलो इंडिया यूथ गेम्स के सफल आयोजन हेतु बिहार सरकार की कड़ी तैयारी, एसीएस ने लिया जायजा

**गया, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** बिहार सरकार के खेल विभाग के अपर मुख्य सचिव (एसीएस) बी. राजेंदर ने बिपार्ड गया सभागार में आयुक्त मगध प्रमंडल डॉ. सफीना एएन, उप विकास आयुक्त, नगर पुलिस अधीक्षक, नगर आयुक्त सहित जिला स्तरीय पदाधिकारियों और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।बैठक का मुख्य उद्देश्य खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 के सफल आयोजन को सुनिश्चित करना था।उन्होंने कहा कि यह आयोजन बिहार के लिए गर्व की बात है क्योंकि पहली बार राज्य में इस स्तर का खेल महाकुंभ हो रहा है।सरकार खिलाड़ियों, सपोर्टिंग स्टाफ, दर्शकों की सुविधा, सुरक्षा, ट्रैफिक प्रबंधन और पार्किंग व्यवस्था को लेकर हर संभव कदम उठा रही है।बैठक में खिलाड़ियों के रहने, खाने-पीने, आवागमन की व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया गया।एसीएस ने कैटरिंग मेनू को फिक्स रखने, भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए।जिला परिवहन अधिकारी को पर्याप्त वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और खिलाड़ियों के भ्रमण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने को कहा गया।नगर पुलिस अधीक्षक को दर्शकों के लिए पार्किंग, ड्रॉप गेट और फ्रिस्किंग पॉइंट चिन्हित करने के निर्देश दिए गए।उन्होंने कहा कि इस आयोजन से बिहार और गया जिले की ब्रांडिंग होगी, जिसके लिए जिला प्रशासन व्यापक प्रचार-प्रसार कर रहा है।बैठक में अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 बिहार में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान करने का महत्वपूर्ण अवसर है।

# सीयूएसबी में बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**टिकारी (गया), 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) में भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय परिसर में विशेष पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में आयोजित 15 दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य डॉ. अम्बेडकर के ऐतिहासिक योगदान को स्मरण करना तथा विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों और रचनात्मक अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करना है।

जन सम्पर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने बताया कि सीयूएसबी के एससी / एसटी प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, संसदीय कार्य मंत्रालय, युवा मामले एवं खेल विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, विधिक मामलों का विभाग, और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में इस पखवाड़े का आयोजन किया गया।

इसी श्रृंखला के अंतर्गत विश्वविद्यालय के चाणक्य भवन में भारत रत्न बाबासाहेब अम्बेडकर का योगदान विषय पर एक पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने डॉ. अम्बेडकर के सामाजिक, राजनीतिक एवं संवैधानिक योगदान को रंगों और रेखाओं के माध्यम से सजीव चित्रों में प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में विश्वविद्यालय के प्राध्यापकगण क्रमशः डॉ. मंगलेश कुमार मंगलम, डॉ. अनुज लुगुन, तथा डॉ. प्रदीप राम शामिल रहे, जिन्होंने सभी प्रतिभागियों की प्रस्तुतियों का गहन मूल्यांकन किया।

विजेताओं की घोषणा पखवाड़े के अंतिम दिन समापन समारोह में की जाएगी और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा।स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के प्रमुख एवं अधिष्ठाता प्रो. अशोक कुमार के दिशा-निर्देश में इस कार्यक्रम का समन्वय डॉ. चन्दना सुबा के नेतृत्व में किया गया।कार्यक्रम में डीएसडब्ल्यू प्रो. पी. के. मिश्रा, प्रो. एस. पी. श्रीवास्तव, प्रो. प्रदीप कुमार दास, डॉ. सुरेन्द्र कुमार, डॉ. पूनम कुमारी, डॉ. देव नारायण सिंह, डॉ. पल्लवी सिंह, डॉ. अनंत प्रकाश नारायण, श्री. मणि प्रताप, डॉ. कुमारी नीतू तथा डॉ. अनुराग अग्रवाल उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संचालन रिसर्च स्कॉलर संतोष पाणिग्रही और लॉ की छात्रा साधना पराशर,सुरुचि सुमन, विनेदिता पंकज, विकास, युसीर, तथा अंबिका भारती ने किया।अंत में डॉ. चन्दना सुबा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसके उपरांत कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## कम्पाउंडिंग फी 2 मई से 8 मई 25 तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं

**गया, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** आगामी 10 मई को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के लिए बुधवार को स्पेशल विद्युत न्यायालय, गया में प्रभारी विद्युत न्यायालय सह अपर जिला सत्र न्यायाधीश 12 विजय किशोर सिंह की अध्यक्षता एवम जिला विधिक सेवा प्राधिकार गया के सचिव अरविंद कुमार दास के दिशानिर्देश में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक हुई।बैठक में प्रभारी जज ने उपस्थित बिजली विभाग के अधिकारियों सें बिजली विभाग के न्यायालय में लंबित राजीनामा योग्य एवं विद्युत मामलों को दिनांक 2 मई 25 से 8 मई 25, के बीच प्रि-सिटिंग माध्यम से अधिक से अधिक वादों का निष्पादन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन देते हुए कहा कि वे अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण में सहयोग प्रदान करेंगे एवं शासन द्वारा दी जाने वाली छूट का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे।साथ ही सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र में भी राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार करें तथा आमजनों से अपील की है बिजली कोर्ट में लम्बित मामलों का कम्पाउंडिंग फी 2 मई से 8 मई 25 तक जमाकर इस राष्ट्रीय लोक अदालत का फायदा उठाएं।

# पांच साल पहले हुए पत्नी के हत्यारे पति को कोर्ट ने सुनाई आजीवन सश्रम कारावास और 50 हजार जुर्माने की सजा




**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश चतुर्थ रवि कुमार की अदालत ने बुधवार को पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन सश्रम कारावास और 50 हजार रुपये जुमार्ने की सजा सुनाई है। दहेज हत्या के अपराध में पांच साल पहले घटित घटना में कोर्ट ने यह फैसला सुनाया।मामला सत्र वाद संख्या 200/2022, जो पलासी थाना प्राथमिकी कांड संख्या 107/2019 से सबंधित है।सजा पाने वाला दोषी पलासी थाना क्षेत्र के भट्टाबाड़ी वार्ड संख्या दो निवासी 25 वर्षीय मिथुन मंडल उर्फ शिव कुमार पिता उदरानंद मंडल है।

मृतक मधु देवी की मां गीता देवी ने पलासी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दहेज हत्या की धारा 304 (बी) भादवि में केस दर्ज की गई थी। दर्ज कराई गई प्राथमिकी में शिकायतकर्ता गीता देवी ने बताया था कि दोषी का प्रेम विवाह मृतका मधु देवी के साथ सम्पन्न हुआ था। अपने परिवार वालों के साथ मृतका मधु देवी से विवाह के दो साल के बाद पचास हजार रुपये दहेज की मांग किया गया था और मांग की पूर्ति नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी।

मृतका को एक बच्चा भी है। 11 अप्रैल 2019 को ससुराल वालों द्वारा दहेज के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित और जहर खिलाकर हत्या कर दिया गया।पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी उच्च जहरीला पदार्थ एल्मुनियम फॉस्फाइड वेसरा रिपोर्ट में पाया गया।

उक्त घटना को लेकर सुचिका ने दोषी मिथुन मंडल के अलावा उसके पिता उदरानंद मंडल, सास सुरजी देवी, पुत्री सीता देवी, प्रमिला देवी, शर्मिला देवी, लालटू देवी, निरसो देवी के विरुद्ध प्राथिमिकी दर्ज कराई थी, जिसका पूरक अनुसंधान लंबित है। सिर्फ दोषी के विरुद्ध पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया था। सजा की बिंदु पर सुनवाई करते हुए बचाव पक्ष के अधिवक्ता राजेश कुमार सिंह ने न्यायालय से कम से कम उम्र का हवाला देते हुए सजा सुनाए जाने की गुहार लगाई, जबकि सरकार के ओर से अपर लोक अभियोजक प्रभा कुमारी ने न्यायालय के समक्ष अपनी दलीलें दी।दोनों ही पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने दोषी को आजीवन सश्रम कारावास और अर्थदंड की सजा सुनाई।

## मनाई गई वीर कुंवर सिंह की जयंती

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** गणपत राय सलारपुरिया सरस्वती विद्या मंदिर सैनिक स्कूल भागलपुर में बुधवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं भारत के सपूत वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाई गई। विद्यालय के प्रभारी डॉ संजीव कुमार झा, जयंती प्रमुख उत्तम कुमार मिश्रा तथा छात्रों के द्वारा संयुक्त रूप से वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पार्चन कर जयंती का शुभारंभ किया गया।

मौके पर उत्तम कुमार मिश्रा ने कहा कि 80 वर्ष के उम्र में जब लोग वानप्रस्थ में चले जाते हैं, तो उस उम्र में बाबू वीर कुंवर सिंह ने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ अर्पित कर दिया। जिसके मन में राष्ट्रभक्ति की भावना और जुनून होता है उनके लिए उम्र कोई मायने नहीं रखता है। डॉक्टर संजीव कुमार झा ने कहा कि छात्रों में राष्ट्र भक्ति, समर्पण, त्याग आदि सदगुणों का विकास हेतु जयंती मनाया जाता है। महापुरुषों के जीवन का अनुसरण ही राष्ट्रभक्ति है। वीर कुंवर सिंह के जीवन से छात्रों के मन में राष्ट्रभक्ति त्याग और समर्पण का भाव विकसित होता है। मौके पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी एवं मीडिया प्रभारी दीपक कुमार झा उपस्थित थे।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए तीन भाईयों में सबसे बड़े थे मनीष रंजन



**डेहरी आन सोन, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा पर्यटकों को मारी गई गोली में बलिदान हुए आइबी के डीएसपी रैंक के अधिकारी मनीष रंजन रोहतास के करगहर थाना क्षेत्र के अरुही गांव के निवासी थे। सासाराम शहर के गोरक्षणी में भी उनका घर है।

सासाराम में रह रहे उनके चाचा आलोक मिश्र ने बताया कि तीन दिन पहले मनीष हैदराबाद से वैष्णोदेवी गए थे। उन्होंने बताया कि मनीष के पिता डॉ मंगलेश मिश्र पश्चिम बंगाल के पुरुलिया के झालदा में कार्यरत हैं। पिता को भी 22 अप्रैल को वैष्णोदेवी जाना था। पत्नी आशा देवी के साथ वे ट्रेन से वैष्णोदेवी जा रहे थे कि रास्ते में आतंकी हमला में मारे जाने की सूचना मिली। सूचना के बाद ट्रेन से उतरकर रांची लौट गए।

बताया कि मनीष तीन भाईयों में सबसे बड़े थे। मनीष के मंझला भाई राहुल रंजन एफसीआइ एवं विनीत रंजन पश्चिम बंगाल में मद्य निषेध भाग में कार्यरत हैं। मां-पिता के साथ छोटे भाई विनीत रंजन रांची में मनीष रंजन के शव आने का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि मनीष की पहली पोस्टिंग दिल्ली फिर रांची और वर्तमान में हैदराबाद में पोस्टिंग थी।

सभी परिवार खुशी से रह रहे थे कि आतंकवादियों ने पर्यटन टूर पर गए मनीष की हत्या कर दहशत फैला दिया। मनीष की हत्या के बाद से स्वजन सिर्फ रो रहे हैं।

# पुलिस टीम पर हमला मामले में 7 महिला समेत 32 उपद्रवी गिरफ्तार

**नवादा, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** नवादा जिले के कौआकोल के टिकोडीह गांव में बंधक बनाए गए युवकों को छुड़ाने पहुंची पुलिस टीम पर हमले के मामले में बुधवार को 7 महिला सहित 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर लिया गया। नवादा जिले के कौआकोल में मंगलवार की देर शाम कौआकोल थाना क्षेत्र के नक्सल प्रभावित टिकोडीह गांव में ग्रामीणों द्वारा कथित रुप से धनबाद के कुछ लोगों को बंधक बनाए जाने की सूचना पर पहुंची कौआकोल पुलिस पर ग्रामीणों द्वारा हमला कर हवलदार अरुण कुमार रावत समेत अन्य पुलिसकर्मियों के घायल कर दिए जाने की घटना के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। नवादा एसपी के निर्देश पर पकरीबरावां एसडीपीओ महेश चौधरी के नेतृत्व में पकरीबरावां पुलिस इंस्पेक्टर प्रशांत कुमार एवं कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार समेत जिले के विभिन्न थानों की टीम के पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस ने बुधवार को कार्रवाई करते हुए टिकोडीह गांव में छापेमारी कर घटना में शामिल 7 महिला समेत 32 उपद्रवियों को गिरफ्तार कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि घटना को लेकर कौआकोल थाना में पदस्थापित एएसआई धनन्जय कुमार के लिखित बयान के आधार पर कौआकोल थाना प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिसिया कार्रवाई के बाद गांव में सन्नाटा छा गया है। बता दें कि मंगलवार की देर शाम लगभग साढ़े 9 बजे वैवाहिक समारोह में उत्पन्न हुए विवाद को सुलझाने गई पुलिस टीम पर अचानक ग्रामीणों द्वारा हमला कर दिया गया। बरती एवं शराती के बीच विवाद हो गया। टिकोडीह गांव में तैयब मियां के घर वालीमा था, जिसमें दुल्हन पक्ष के नेमतुल धमनी से कुछ लोग भी आए हुए थें, जिनके साथ तैयब के घर में पहले से मौजूद रहे धनबाद से आए रिश्तेदारों ने मारपीट कर दिया, जिसके बाद टिकोडीह गांव के ग्रामीण आक्रोशित हो गए एवं उन्हें कथित रूप से बंधक बना लिया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को, डीएलएसए सचिव ने की प्रेस वार्ता




**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अररिया सिविल कोर्ट में आगामी 10 मई को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक में पक्षकारों की मौजूदगी में उनके सुलहनीय मामलो का निपटारा आपसी रजामंदी व सहमति से किया जायेगा। इसके लिए बड़े पैमाने पर जनता के बीच कानूनी जागरूकता फैलाया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रोहित श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत का जन मानस तक प्रचार प्रसार हो, इसके लिए डीएलएसए के सभी पैनल अधिवक्ता, पीएलवी सहित जिला प्रशासन के अधिकारियों से लेकर प्रखंड व पंचायत स्तर तक के पदाधिकारी लगे हुए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए अवर न्यायधीश सह डीएलएसए सेक्रेटरी रोहित श्रीवास्तव ने मीडियाकर्मी से राष्ट्रीय लोक अदालत का प्रचार प्रसार में अपनी पूर्ण सहभागिता रखने की अपील की। उन्होंने जानकारी दिया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के सुलहनीय आपराधिक मामलों का निपटारा होता है।

वही, फैमिली कोर्ट से जुड़े मामले, वन, विजली, मापतौल, बैंक ऋण से संबंधित मामलो का भी निपटारा होता है। बताया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के दिन आने वाले न्यायार्थियों की सुरक्षा के लिए पुलिस बल, पेयजल व स्वास्थ्य आदि की भी व्यवस्था की गई है।

## भागलपुर में भव्यता से मना बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भागलपुर के जीरो माईल मेंबुधवार को देशभक्ति और गौरव का अद्भुत संगम देखने को मिला। अवसर था बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव 2025 का। जिसे पूरे धूमधाम से मनाया गया। भागलपुर के तिलकामांझी चौक देशभक्ति के रंग में रंग उठा शुरू हुआ भव्य जुलूस, जिसमें पारंपरिक वेशभूषा में सजे स्कूली बच्चों, ढोल-नगाड़ों और वीर कुंवर सिंह की वीरता पर आधारित झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। देश की सबसे बड़ी वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर जीरोमाइल चौक पर माल्यार्पण किया गया। लोगों ने फूलों से श्रद्धांजलि अर्पित की और वीरता की मिसाल बने इस स्वतंत्रता सेनानी को नमन किया। स्कूली बच्चों ने कहा हमें बहुत गर्व है कि हम ऐसे नायक को याद कर रहे हैं जिन्होंने देश के लिए जान दी। ये आयोजन हमें प्रेरणा देता है। आयोजकों ने कहा यह सिर्फ उत्सव नहीं, इतिहास से जुड़ने की एक कड़ी है। हम चाहते हैं कि नई पीढ़ी वीर कुंवर सिंह जैसे योद्धाओं को जाने और उनके बलिदान को समझे।

# हनुमान प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

**नवादा, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत सोखोदेवरा पंचायत के तुरियाडीह गांव अवस्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में हनुमंत प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर तीन दिवसीय यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों महिला एवं पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए।

कलश यात्रा गांव स्थित यज्ञ मंडप से प्रारंभ होकर सोखोदेवरा बड़ी तालाब के पास पहुंची। जहां जल भराई रस्म हुआ। उसके बाद विधिवत कलश स्थापित कर पूजा अर्चना शुरू किया गया। समाजसेवी सह योग गुरु व स्वदेशी संस्कार संस्थान के प्रबंधक निदेशक योगी त्यागनाथ ने बताया कि स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से हो रहे इस तीन दिवसीय यज्ञ में मुख्य यजमान की भूमिका जहिन्द्र प्रसाद एवं उनकी धर्मपत्नी नीलम देवी निभा रही हैं।

जबकि यज्ञ के मुख्य आचार्य पंडित सुगम पांडेय हैं। यज्ञ आचार्य सुगम पांडेय ने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ के पहले दिन कलश यात्रा, पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवाश एवं संध्या आरती, दूसरे दिन गुरुवार को वेदीपूजन एवं अनाधिवाश तथा यज्ञ के तीसरे एवं अंतिम दिन शुक्रवार को हनुमान प्रतिमा का नगर भ्रमण,प्राण प्रतिष्ठा, हवन एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यज्ञ को सफल बनाने में स्थानीय ग्रामीण रामेश्वर प्रसाद,पूर्व उप मुखिया सुधीर कुमार, ललीता देवी, निर्मला देवी, रवि भूषण,रामचंद्र कुमार, शशिभूषण कुमार आदि जोर-शोर से लगे हुए हैं।

## 1 देसी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस के साथ अपराधी गिरफ्तार

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के बबरगंज थाना अंतर्गत गुप्त सूचना के आधार पर एक युवक को 1 देसी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी डीएसपी टू राकेश कुमार चौधरी ने बुधवार को दी। डीएसपी ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार अवैध शराब, आर्म्स, मादक पदार्थ आदि की बरामदगी के लिए सघन गश्ती एवं चोरी, छिनतई के हॉट-स्पॉट पर छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में बीते 22 अप्रैल को बबरगंज थाना के दिवा गश्ती दल द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर सकरुल्लाचक कुंआ के पास से एक युवक की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में युवक के पास से 1 देसी कट्टा एवं 2 जिंदा कारतूस बरामद किया तथा उक्त व्यक्ति को विधिवत गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार व्यक्ति शुभम सोनार उर्फ छेदी पूर्व में हत्या के 2 कांड में आरोपित है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक विशाल कुमार, देव कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# शौर्य दिवस पर शिवदीप लांडे ने बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण



**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 2006 बैच के आईपीएस शिवदीप लांडे ने आईजी के पद से इस्तीफा देने के बाद हिंद सेना नाम से पॉलिटिकल पार्टी का गठन किया है और वे इन दिनों सीमांचल के दौरे पर हैं। बुधवार को अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के शौर्य दिवस के मौके पर फारबिसगंज स्थित फांसी मार्केट में बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर नगर पार्षद उमाशंकर यादव उर्फ बुलबुल यादव,पार्षद पति सुनील यादव, फिल्म कलाकार रामकुमार भगत,विनोद तिवारी,मनीष पांडेय, दिलीप पटेल, इजहार अंसारी, राशिद जुनैद, मिंटू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। शिवदीप लांडे ने मौजूद लोगों से बातचीत भी की। इस मौके पर उन्होंने बाबू वीर कुंवर सिंह की शहादत को याद करते हुए बताया कि बिहार में अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई के मुख्य योद्धा में बाबू वीर कुंवर सिंह थे। 23 अप्रैल 1858 को जगदीशपुर के पास लड़ी गई उनकी आखिरी लड़ाई में ईस्ट इंडिया कंपनी के नियंत्रण वाली सेना पूरी तरह से परास्त हो गई थी। अन्याय विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी बाबू कुंवर सिंह कुशल सेना नायक थे। इनको 80 वर्ष की उम्र में भी लड़ने तथा विजय हासिल करने के लिए जाना जाता है। उन्होंने कहा कि अनादि काल से बिहार शूरवीरों और परिवर्तन को धरती रही है।स्वतंत्रता संग्राम में गोली लगने से बाबू वीर कुंवर सिंह की बाईं कलाई टूट गई तो उन्हें लगा कि उनका हाथ बेकार हो गया है और गोली लगने से संक्रमण का खतरा और बढ़ सकता है तो उन्होंने तलवार खींची और कोहनी के पास से अपना बायां हाथ काटकर गंगा में प्रवाहित कर दिया।

आज के दिन उनके शौर्यता को लेकर शौर्य दिवस मनाया जाता है। ऐसे में फैंसी मार्केट स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि वह आमजनों से बातचीत और उनकी समस्याओं को जानने के साथ युवाओं से सीधा संवाद स्थापित कर रहे हैं।

# 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम ने आसमान में दिखाये हैरतअंगेज करतब


'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम के अलग-अलग प्रदर्शन को देखकर हैरत में रह गये। अपने प्रदर्शन के दौरान एयरफोर्स के 9 लड़ाकू विमानों ने हजार फीट की ऊंचाई पर हैरतअंगेज करतब दिखाया।

**पटना, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पटना शहर स्थित सभ्यता द्वार का नजारा बुधवार को उत्साहवर्द्धक रहा। यहां 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीमने दमदार प्रदर्शन करते हुए लोगों को रोमांचित कर दिया।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजय दिवस पर भारतीय वायु सेना की 'सूर्य किरण' एरोबेटिक टीम के प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल हुये। सभ्यता द्वार के सामने जेपी गंगा पथ पर बने कार्यक्रम स्थल से मुख्यमंत्री ने भारतीय वायु सेना की भारतीय वायु सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक्स टीम ने आसमान में अद्भुत करतब दिखाया, जिसे देखकर दर्शक अचंभित हो गये और उत्साहवर्द्धक नजर आये। सेना के पैराजंपर्स ने आसमान से जमीन पर छलांग लगाई,जिसे देख वहां मौजूद लोगों और बच्चों ने सेना का जोश बढ़ाया।

9 लड़ाकू विमानों बिहटा एयरपोर्ट से उड़ान भरी और फिर आसमान में हैरतअंगेज करतब दिखाए,जिसमें जेट विमान भी शामिल थे। फाइटर प्लेन की गूंज से बिहटा सहित दानापुर,बेली रोड से लेकर फ्रेजर रोड एवं गांधी मैदान का पूरा इलाका सहम गया। आसमान में एक कतार में लड़ाकू विमान उड़ते दिखे।

## आईएमए के पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ मंटू ठाकुर के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल परिसर स्थित लायंस चिल्ड्रेन पार्क में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के फारबिसगंज शाखा की ओर से प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ महेश्वरानंद ठाकुर उर्फ मंटू ठाकुर के निधन पर बुधवार को शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा की अध्यक्षता आईएमए के स्थानीय शाखा अध्यक्ष डॉ अतहर ने की। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित चिकित्सकों ने डॉ मंटू ठाकुर के तस्वीर पर पुष्प अर्पण और माल्यार्पण किया। निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मौजूद चिकित्सकों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मौजूद डॉ अजय कुमार सिंह और डॉ हरिकिशोर सिंह ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पटना सचिवालय में नियुक्त एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्रीकृष्ण सिंह के फिजिशियन रहे डॉ मंटू ठाकुर ने उस समय संसाधनों की कमी के बावजूद क्लिनिकल डायग्नोसिस के मदद से जिले ही नहीं प्रदेश और नेपाल में भी चिकित्सीय सेवा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाई। बड़े राजघराने से ताल्लुकात रखने के बावजूद पटना में अपनी प्रैक्टिस को छोड़कर फारबिसगंज जैसे शहरों में अपनी एक अलग मुकाम हासिल किया था। जबकि उस समय जांच आदि की सुविधा नहीं थी।

## संक्षिप्त समाचार

### पहलगाम में आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट, पर्यटन स्थलों की सुरक्षा की गयी कड़ी

**पटना, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस अलर्ट हो गयी है और आतंकी हमले को देखते हुए बिहार के पर्यटन स्थलों की सुरक्षा कड़ी कर गई है। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बिहार पुलिस ने तत्काल अहम बैठक की और सुरक्षा के लिए कई अहम निर्णय लिये,जिसे फॉलो कराया जा रहा है। बिहार के वनों से लेकर नालंदा खंडहर, राजगीर, पावापुरी समेत जिले के अन्य टूरिस्ट प्लेस के चप्पे- चप्पे पर नजर रखने के लिए कई उच्चस्तरीय टीमों का गठन किया गया है। राजगीर डीएसपी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि राजगीर, नालंदा, पावापुरी समेत जिले का कोई भी पर्यटक स्थल पर आतंकी हमला का कभी इतिहास नहीं रहा है। बावजूद, उनकी संवेदनशीलता को किसी भी सूरत में हल्के में लेने की भूल नहीं की जा सकती है।ऐसे में सभी स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। राजगीर के रोपवे, जू-सफारी, नेचर-सफारी के साथ ही वनों और पहाड़ों पर स्थित तीर्थस्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।पर्यटन स्थलों पर पुलिस की गश्ती भी तेज कर दी गई है। राजगीर की पंच पहाड़ियों के साथ ही विश्व शांति स्थल, अशोक स्तूप, वेणुवन, बौद्धिस्टों का मक्का-मदीना माना जानेवाला वल्चर पीक के हर स्थल पर पैनी नजर रखी जा रही है। पुलिस ने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था किये हैं।

### जन सुराज का जोश, प्रशांत किशोर ने उद्घोष यात्रा से भरी नई चेतना

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बिहार की राजनीति में नई पहचान के साथ प्रशांत किशोर की जन सुराज उद्घोष यात्रा ने बुधवार को भागलपुर में दस्तक दी। सुबह से यहां लोगों का भारी जनसैलाब उमड़ा और हर तरफ बदलाव के नारे गुंजायमान होते रहे। भागलपुर के नवगछिया जीरो माइल से प्रशांत किशोर ने जन सुराज उद्घोष यात्रा की शुरूआत की। भारी जनसमर्थन और कार्यकताओं के उत्साह के बीच यात्रा ने पीरपैंती और सुल्तानगंज विधानसभा क्षेत्रों का रुख किया। हर पड़ाव पर प्रशांत किशोर का जोरदार स्वागत हुआ अंगवस्त्र पहनाए गए, फूल बरसाए गए और हर गली-मोहल्ले में बदलाव की बात होने लगी। कहलगांव शाहकुंड और अन्य इलाकों में जगह-जगह जनसभाएँ की जाएगी, जहाँ वह जनता से सीधा संवाद करेंगे। मौके पर प्रशांत किशोर ने कहा कि जन सुराज कोई पार्टी नहीं है, ये एक सोच है। एक ऐसा आंदोलन जो राजनीति में जनता की सीधी भागीदारी चाहता है। बदलाव तभी संभव है जब लोग खुद उसका हिस्सा बनें। जनता के साथ सीधा जुड़ाव और यात्रा के माध्यम से प्रशांत किशोर ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वो सिर्फ सियासत नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव की बात कर रहे हैं। स्वागत कार्यक्रम के दौरान राज्य कोर कमेटी सदस्य सोनी भारती, जिला संयोजक कुमार अनुज, जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद साबिर, राज्य कार्यकारी समिति सदस्य जिला सचिव सरदार हर्षप्रीत सिंह के अलावा दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव बरामद

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कटिहार बरौनी रेल खंड के बीच नारायणपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन के लखना मोड़ के समीप रेलवे ट्रैक के किनारे बुधवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची नारायणपुर रेल पुलिस ने आशंका जताया है कि यह महिला ट्रेन पर से गिरी होगी, जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पुलिस की मानें तो अभी तक महिला की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जीआरपी ने घटनास्थल का मुआयना कर स्थानीय लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। महिला की उम्र करीब 50 वर्ष बताई जा रही है। लेकिन फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो सकी है।

### महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दी श्रद्धांजलि

**पटना, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** 1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह के विजय दिवस पर बुधवार को वीर कुँवर सिंह आजादी पार्क में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबू वीर कुँवर सिंह की आदमकद अश्वारोही प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सहकारी भूमि विकास बैंक समिति परिसर में भी महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बिहार राज्य नागरिक परिषद के पूर्व महासचिव अरविन्द कुमार सिंह उर्फ छोट्टू सिंह ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को शॉल और मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया। समारोह में वीर कुंवर सिंह के बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद किया गया। सभी ने वीर कुंवर सिंह के योगदान को नई पीढ़ी तक पहुँचाने के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बाबू वीर कुंवर सिंह के बलिदान और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए अपने संदेश में कहा कि '1857 के प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के विजयोत्सव पर उन्हें सादर नमन। उनका अदम्य साहस, नेतृत्व और देशभक्ति की गाथा हम सबको हमेशा प्रेरणा देती रहेगी।' समारोह में बिहार के दोनों उपमुख्यमंत्री, राज्य के मंत्रीगण एवं सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर पति ने की आत्मदाह की कोशिश

**भागलपुर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिले के अंबाबाग निवासी शैलेंद्र साह ने बुधवार को शहर के बीचों-बीच खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह का प्रयास किया। वजह बनी उनकी पत्नी प्रियंका की धमकी। जिसने प्रेमी संग रहने के लिए उसे ब्लू ड्रम में मारकर फेंकने की साजिश रची थी। बताया जा रहा है कि शैलेंद्र साह की पत्नी प्रियंका सुल्तानगंज थाना क्षेत्र की रहने वाली है। प्रियंका का अपने मुंह बोले मामा के साथ प्रेम संबंध है और वह पति को छोड़कर उसी के साथ रहना चाहती है। पत्नी ने हाल ही में मेरठ की चर्चित ब्लू ड्रम हत्या कांड का वीडियो दिखाकर शैलेंद्र को धमकाया कि अगर उसने अलग होने से इनकार किया तो उसे भी मारकर ड्रम में फेंक दिया जाएगा। तनाव और डर से टूट चुके शैलेंद्र ने आज आत्मदाह की कोशिश की, लेकिन मौके पर तैनात ट्रैफिक पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोक लिया और लाइटर छीनकर उसकी जान बचाई। शैलेंद्र ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं और वह अपनी पत्नी प्रियंका से सुलह करना चाहता था। तीन दिन पहले कचहरी चौक पर प्रियंका से मिलने की कोशिश भी की थी। लेकिन वह बात करने से बचती रही और भाग गई। सूचना के बाद तीन थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और शैलेंद्र को सुरक्षित थाने पर रखा है। शैलेंद्र ने आशंका जताई है कि यदि उसे पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिली तो उसकी हत्या की जा सकती है।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
गुरूवार, 24 अप्रैल 2025
विक्रम संवत्- 2082, बैसाख कृष्ण पक्ष- एकादशी

## हृदयविदारक हमला

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुआ आतंकी हमला पूरे देश को दहला गया है। खूबसूरत वादियों के लिए मशहूर बैसारन घाटी में मंगलवार को जो हुआ, उसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। ये हमला ना सिर्फ घाटी में बढ़ते पर्यटन पर वार है , बल्कि देश की शांति और सुरक्षा को खुली चुनौती है। कश्मीर घाटी घूमने गए निरपराध पर्यटकों पर आतंकी हमले में 27 लोगों की जान गँवाने के हृदयविदारक हादसे के बाद देश में शोक की लहर व्याप्त है। पक्ष से विपक्ष तक पर घटना की जबरदस्त प्रतिक्रिया हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुबई तो वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण अमेरिका यात्रा अधूरी छोड़कर भारत लौट आए हैं। गृहमंत्री अमित शाह भी कश्मीर में डेरा डाले हुए हैं। घाटी में पुलवामा हमले के बाद यह हाल का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। पूरा देश इस बात की प्रतीक्षा कर रहा है कि अब मोदी सरकार इस हमले का मुंहतोड़ जवाब दे और ऐसी नजीर पेश करे कि आतंकी दोबारा ऐसी वारदात की सोच भी न सकें। हालांकि पाकिस्तान ने इस हमले में किसी तरह की भूमिका से इंकार किया है लेकिन इस बात के पुख्ता सबूत हैं कि हमलावरों को पीओके से समर्थन और मदद प्राप्त हुई। खबर इस बात की भी है कि खुफिया एजेंसियों के पास पहले से घाटी में किसी बड़ी वारदात की सूचना थी उनको इस बात की आशंकाएं थी कि घाटी में कुछ बड़ा होने वाला है। फिर भी पहलगाम में इस प्रकार का हमला होना सुरक्षा में चूक का मामला हो सकता है। पिछले माह 10 मार्च को केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन ने जम्मू में एक हाई लेवल सुरक्षा समीक्षा बैठक और 6 अप्रैल को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में बड़ी बैठक की थी। जम्मू-कश्मीर के दो क्षेत्रों में लगातार बैठकें खुफिया एजेंसियों की चेतावनी के बीच हुईं थी। खुफिया एजेंसियों ने अलर्ट किया था कि पाकिस्तान 'जम्मू-कश्मीर में भीषण गर्मी' की तैयारी कर रहा है। ऐसे में जब पहलगाम में पर्यटकों की चीखें गूंजी तो एजेंसियों की सबसे बड़ी आशंका सच साबित हुई। आतंकियों के स्कैच बना लिए गए हैं और जल्द ही सेना कोई बड़ा आपरेशन चला सकती है। केंद्रीय बलों के आंकड़ों के मुताबिक जम्मू-कश्मीर में फिलहाल 70 विदेशी आतंकवादी एक्टिव हैं। उनमें से ही कुछ लोगों ने यह हमला प्लान किया हो सकता है। घटना की जिम्मेदारी जिस टीआरएफ संगठन ने ली है, वह लश्कर का ही चेहरा बताया जा रहा है। घटना में जीवित बचे लोगों ने कहा कि उनके प्रियजनों को दूर से गोली मारी गई। एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या आतंकवादियों को स्नाइपर जैसी ट्रेनिंग दी गई थी। पहलगाम हमले ने 2000 में बिल क्लिंटन की भारत यात्रा के दौरान दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में 34 सिखों की पहचान कर उन्हें मार दिया गया था। अब भी वही इतिहास दोहराया गया है क्योंकि पहलगाम हमला ऐसे समय हुआ है जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस भारत दौरे पर हैं। खुफिया एजेंसियों को यह भी शक है कि पहलगाम हमला अमरनाथ यात्रा को पटरी से उतारने के लिए भी हो सकता है जो चंदनवाड़ी मार्ग से पहलगाम से होकर जाती है। इससे पहले आतंकियों ने सोनमर्ग सुरंग को निशाना बनाया था, जो बालटाल मार्ग पर पड़ती है।

### है सही अब वक्त !

सर से पानी जा चुका ।
करो बदला पूरा ।।
है सही अब वक्त ।
पड़ा जो अधूरा ।।
है नकेल की बारी ।
दानव पाकिस्तान ।।
मानवता पर धब्बा ।
कर्म है शैतान ।।
निदोर्षों , निहत्थों पर ।
गोलियां बरसाई ।।
हुए कितने बेघर ।
ऐसी घड़ी आई ।।
मिल रहे संकेत ।
है बड़ी तैयारी ।।
हुआ चौकस तंत्र ।
है अब अपनी बारी ।।



कृष्णेन्द्र राय

### सूडोकु नवताल- 7410

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | | | 8 | | | | 9 |
| | | | | | | | | |
| | | 8 | 6 | | 9 | 5 | | |
| 6 | 5 | | | 4 | | | 7 | 1 |
| | 4 | | | | | | 2 | |
| 1 | 2 | | | 6 | | | 9 | 8 |
| | | 6 | 4 | | 5 | 8 | | |
| | | | | | | | | |
| 9 | | | | 1 | | | | 7 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

#### सूडोकु नवताल -7409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 4 | | 9 | 7 | 5 | 1 | 6 |
| 3 | 5 | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 7 | 6 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 |
| 9 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 7 |
| 5 | 3 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 9 | 5 | 3 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 1 | 5 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 8 |
| 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | 2 | 1 |

# पहलगाम में मजहबी आतंक का सबसे बर्बर चेहरा



ललित गर्ग

**जम्मू-कश्मीर में स्थित पहलगाम, जिसे 'मिनी स्विट्जरलैंड' के नाम से जाना जाता है, मंगलवार को एक भीषण, दर्दनाक एवं अमानवीय आतंकी हमले का गवाह बना, एक बार फिर जिहादी आतंक का घिनौना-बर्बर चेहरा दिखा।**

आतंकियों ने पहलगाम में निर्दोष-निहत्थे पर्यटकों की जिस तरह पहचान पता करके गोलियां बरसाईं, उससे यही पता चलता है कि वे केवल खौफ ही नहीं पैदा करना चाहते थे, बल्कि बड़ी संख्या में लोगों का खून बहाकर दुनिया का ध्यान भी खींचना चाहते थे। यह आतंकवाद एवं सांप्रदायिक घृणा का अब तक का सबसे घिनौना एवं बर्बर हमला एवं चेहरा है, जिसमें हिन्दू सुनकर चलाई गोलियां। जो पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के मूल एजेंडे का हिस्सा है। इस जघन्य एवं त्रासद घटना में निर्दोष पर्यटकों को तब मौत की गहरी नींद सुलाया गया, जब अमेरिकी उपराष्ट्रपति भारत में हैं और भारतीय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में।

इस हमले ने यह प्रकट किया कि कश्मीर में बचे-खुचे आतंकी किसी भी सीमा तक गिरने पर आमादा हैं। आतंकियों ने उन पर्यटकों को निशाना बनाया, जो कश्मीरियों की रोजी-रोटी को ही सहारा देने कश्मीर गए थे। यह हमला इतना वीभत्स था कि उसने हर संवेदनशील दिल को झकझोर कर रख दिया। आतंकियों ने नृशंसता की सारी सीमाएं पार करते हुए अंधाधुंध गोलीबारी की, जिसमें 28 पर्यटक, जिनमें दो विदेश नागरिक भी थे, की दर्दनाक मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान में स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने ली है। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि हमलावरों ने दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग से होते हुए किश्तवाड़ के रास्ते बैसरन तक पहुंच बनाई। घटना दोपहर करीब तीन बजे की है, जब बैसरन के घास के मैदान और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे, कुछ खच्चरों की सवारी का आनंद ले रहे थे तो कुछ परिवार पिकनिक मना रहे थे। तभी घात लगाए बैठे आतंकियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। इस घटना के लिये सीधे तौर पर पाकिस्तान जिम्मेदार है।

इसकी अनदेखी नहीं की जानी चाहिए कि चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष आसिम मुनीर ने किसी जिहादी की तरह हिंदुओं और भारत के खिलाफ अपनी घृणा का भद्दा प्रदर्शन किया था। अबू मूसा का वह भाषण और उसके तुरंत बाद हुआ पहलगाम



नरसंहर दशार्ता है कि पीओके में बैठे आतंकी सरगना न केवल भारत विरोधी जहरीला प्रचार फैला रहे हैं, बल्कि कश्मीर घाटी की शांति, विकास एवं सौहार्द को बाधित करने की हर कोशिश को सफल बनाने में जुटे हैं। वे आगामी समय में घाटी को फिर से अशांत करने की योजना पर भी काम कर रहे हैं। इस भीषण आतंकी हमले के बाद घाटी में पर्यटन संबंधी कारोबार करीब-करीब ठप पड़ना तय है। आखिर इतनी भयावह घटना के बाद कौन पर्यटक कश्मीर की ओर रुख करेगा?

लम्बे समय की शांति, अमन-चैन एवं खुशहाली के बाद एक बार फिर कश्मीर में अशांति एवं आतंक के बादल मंडराये हैं। धरती के स्वर्ग की आभा पर लगे ग्रहण के बादल छंटने लगे थे कि एक बार फिर पहलगाव में आतंकियों ने पूरे देश में आक्रोश की लहर पैदा करने वाली घटना को अंजाम दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद पहली बार कश्मीर में इतना बड़ा आतंकी हमला हुआ है। आतंकियों और उनके समर्थकों को करारा जवाब दिया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। पहलगाम में आतंकी हमले की गंभीरता इससे प्रकट होती है कि जहां गृहमंत्री अमित शाह आनन-फानन श्रीनगर के लिए रवाना हुए, वहीं सऊदी अरब गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी यात्रा बीच में छोड़कर दिल्ली आ गये। दिल्ली आते ही एयरपोर्ट पर ही एक मीटिंग की, जिसमें अजित डोभाल से गंभीर मंत्रणा के बाद इस आतंकवादी घटना के खिलाफ एक्शन लेना प्रारंभ कर दिया।


मोदी एवं शाह के एक्शन से उम्मीद बंधी है कि इस बार कुछ निर्णायक होगा। पहलगाम की सुंदर घाटी को रक्त रंजित करने के लिये आतंकवाद का जिन्न भले ही निकल आया हो, लेकिन इस बार निर्दोष एवं बेकसूर लोगों का रक्त व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। यह हमला पाकिस्तान की बौखलाहट का नतीजा है, उसी के इशारे पर किया गया।

यह मानने के पुख्ता एवं पुष्ट कारण हैं कि पाकिस्तान सुलगते बलूचिस्तान से दुनिया का ध्यान हटाना चाहता है और उसे यह रास नहीं आ रहा कि कश्मीर में स्थितियां तेजी से सामान्य होती जा रही हैं। भारत को पाकिस्तान के शैतानी इरादों के प्रति और अधिक सतर्क रहना चाहिए था। वह न पहले भरोसे लायक था और न अब। अब आतंकियों को शह और सहयोग देने वाले पाकिस्तान को निर्णायक रूप से सबक सिखाया जाना ज्यादा जरूरी हो गया है। तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण आतंकवाद के खिलाफ भारत की एक बड़ी जीत बनी है, जिससे भी पाकिस्तान भयभीत बना। मुंबई सहित देश के अन्य हिस्सों और विशेषतः जम्मू-कश्मीर में आतंकी हमले की पूरी प्लानिंग के पीछे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई व उसकी जमीन पर सक्रिय आतंकवादी संगठनों का हाथ न केवल था, बल्कि आर्थिक एवं अन्य तरह का सहयोग भी शामिल है। पहलगाम की ताजा घटना हो या बार-बार होने वाली आतंकी घटनाएं तमाम सबूत होने के बाद भी पाकिस्तान इन हमले के पीछे अपनी कोई भूमिका होने से इनकार करता रहा है।

हालांकि वह आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख हाफिज सईद और जकी-उर-रहमान लखवी जैसे आतंकवादी सरगनाओं को बचाता भी रहा है। राणा के माध्यम पाकिस्तान का पूरा सच देश एवं दुनिया के सामने आने का डर पाकिस्तान को सता रहा था, तभी उसने इस पहलगाम की घटना को अंजाम दिया। लेकिन अब हद हो गयी। अब एक साथ कई मोर्चें पर आतंकवाद के खिलाफ कमर कसनी होगी, अब भारतीय सुरक्षा एजेंसियों का असली बड़ा काम यहां से शुरू करना होगा। अमेरिका राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सीमा पार यानी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद से लड़ने में भारत का साथ देने का संकल्प एकबार फिर दोहराया है, इसी तरह रूस भी भारत के साथ है। अनेक देशों ने भारत की आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हर तरह से सहयोग का वादा किया है। अब समय आ गया है पाकिस्तान को उसकी जमीन दिखाने एवं उसके विध्वसंक एवं विनाशकारी मनसूबों को नेस्तनाबूंद करने का। तीन दशकों से कश्मीर घाटी दोषी और निर्दोषी लोगों के खून की हल्दीघाटी बनी रही है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# कितना साकार हुआ गांधी का स्वराज का सपना



बाल मुकुन्द ओझा

आज राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस है। हर साल सत्ता के विकेंद्रीकरण के ऐतिहासिक क्षण को यादगार बनाने के लिए के लिए देश 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाता है। महात्मा गांधी ने आजाद भारत में स्वराज का सपना संजोया था। गांधी ने कहा था, भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उनका मानना था कि,'जब पंचायत राज की स्थापना हो जाएगी, तब ग्राम स्वराज का सपना भी साकार हो जायेगा। यानि गांव पर राज ग्रामीण ही करेंगे। पंचायती राज मंत्रालय द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार देश में ग्राम पंचायत (गांव स्तर), पंचायत समिति (ब्लॉक स्तर) और जिला परिषद (जिला स्तर) के स्तरों पर लगभग 2,63,000 पंचायतें हैं जिन में 32.29 लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। इनमें से 13.03 लाख (लगभग 46.6 प्रतिशत) महिलाएं हैं। पंचायती राज का तात्पर्य स्वशासन से है और यह व्यवस्था शासन के विकेंद्रीकरण के तहत की गई है। पंचायती राज संस्था को भारत के सबसे पुराने शासी निकायों में माना जाता है।

देश में 16 वां राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 24 अप्रैल को मनाया जायेगा। यह दिवस पंचायतों की उपलब्धियों को सराहने और उनकी संभावनाओं को सशक्त करने का एक विशेष अवसर है। भारत में प्रचीन काल से ही पंचायती राज व्यवस्था आस्तित्व में रही हैं।


सबसे पहले ब्रिटिश शासन काल में 1882 में तत्कालीन वायसराय लार्ड रिपन ने स्वायत्त शासन की स्थापना का प्रयास किया लेकिन वह सफल नहीं हुआ। इसके उपरांत ब्रिटिश शासकों ने स्थानीय स्वशासन संस्थाओं की स्थिति की जांच करने तथा उसके संबंध में सिफारिश करने के लिए 1882 तथा 1907 में शाही आयोग का गठन किया, जिसके तहत 1920 में संयुक्त प्रांत, असम, बंगाल, बिहार, मद्रास और पंजाब में पंचायतों की स्थापना के लिए कानून बनाए गए। पंचायती राज व्यवस्था को लोकतांत्रिक जामा पहनाने का काम आजादी के बाद शुरू हुआ। भारत की शासन व्यवस्था में ग्राम पंचायत बहुत ही पुरानी अवधारणा है गाँधी जी के शब्दों में अगर हम इसे समझने की कोशिश करें तो इसे बेहतर ढंग से समझा जा सकता है। भारत की आत्मा गाँवों में बसती है। स्वतंत्रता से पूर्व उन्होंने पंचायती राज की कल्पना करते हुए कहा था कि सम्पूर्ण गाँव में पंचायती राज होगा, उसके पास पूरी सत्ता और अधिकार होंगे।

अर्थात सभी गाँव अपने-अपने पैरों पर खड़े होंगे और अपनी जरूरतों की पूर्ति उन्हें स्वयं करनी होगी। साथ ही दुनिया के विरुद्ध अपनी रक्षा स्वयं करनी होगी यही ग्राम स्वराज में पंचायती राज हेतु मेरी अवधारणा है। स्वतंत्र भारत में पंचायतीराज व्यवस्था महात्मा गांधी की देन है। वे स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही ब्रिटिश सरकार पर पंचायतों को पूरा अधिकार देने का दबाव बना रहे थे। आजादी के बाद देश में लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रयास हुए । इन्हीं प्रयासों में से एक है-पंचायतीराज व्यवस्था की स्थापना। पंचायत राज व्यवस्था को मजबूत बनाने की सिफारिश करने के लिए 1957 में बलवंत राय मेहता की अध्यक्षता में ग्रामोद्धार समिति का गठन किया गया। इस समिति ने गाँवों के समूहों के लिए प्रत्यक्षतः निर्वाचित पंचायतों, खण्ड स्तर पर निर्वाचित तथा नामित सदस्यों वाली पंचायत समितियों तथा ज़िला स्तर पर ज़िला परिषद् गठित करने का सुझाव दिया गया। मेहता समिति की सिफारिशों को 1 अप्रैल, 1958 को लागू किया गया और इस अधिनियम के प्रावधानों के आधार पर 2 अक्टूबर,1959 को राजस्थान के नागौर ज़िले में पंचायती राज का उदघाटन किया गया। देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने साल 1959 में दो अक्टूबर गांधी जयन्ती के दिन पंचायतीराज व्यवस्था की नींव रखी थी। 1993 में संविधान में 73वां संशोधन कर-के पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक मान्यता दी गई। बाद में संविधान में भाग 9 को फिर से जोड़ कर तथा इस भाग में सोलह नए अनुच्छेदों को मिलाकर संविधान में 11वीं अनुसूची जोड़कर पंचायत के गठन, पंचायत के सदस्यों के चुनाव, सदस्यों के लिए आरक्षण तथा पंचायत के कार्यो के संबंध में व्यापक प्रावधान किए गए।

पंचायतीराज व्यवस्था ने विकास का विकेंद्रीकरण करके उसका लाभ आम जनता तक पहुंचाने में अहम भूमिका का निर्वहन किया है। आज ग्रामीण जीवन की सकारात्मक प्रगति से साफ है कि जिस उद्देश्य से पंचायतीराज व्यवस्था का ताना-बाना बुना गया था, वह अपने लक्ष्य को आसानी से साध रहा है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

# ब्यूरोक्रेसी के लिए श्रेयष्कर है पब्लिक एजेंडा पर चलना



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

21 अप्रेल को लोकसेवा दिवस पर राजस्थान की राजधानी जयपुर में आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में राजस्थान ब्यूरोक्रेसी के मुखिया सुधांश पंत का संदेश इसलिए समसामयिक और अर्थपूर्ण हो जाता है कि उन्होंने पी-2 व जी-2 की चर्चा करने के साथ ही लोकसेवकों को महत्वपूर्ण संदेश दिया है वह पीए से पीए की और रुपांतरण का संदेश है। इसमें कोई दो राय नहीं कि लोकसेवक अपने आपको प्रीविलेज ग्रुप का मानता है और समाज में भी उसकी हैसियत प्रीविलेज में ही होती है ऐसे में लोकसेवक का जीवन स्तर और सामाजिक स्तर समाज के अन्य वर्ग के लोगों से अलग हो जाता है।

ऐसे में लोकसेवक के प्रति आमजन और सरकार के संचालकों की अपेक्षाएं भी काफी बढ़ जाती है। पर महत्वपूर्ण यह हो जाता है कि लोकसेवक के प्रति समाज में जो अलग तरह का नजरिया बना हुआ है जिसमें काम को अनावश्यक रुप से डिले करने सहित अन्य नकारात्मक बिन्दु शामिल होते है। वह लोकसेवक को लेकर समाज में एक अलग ही तरह की धारणा बना देती है।

ऐसे में राजस्थान ब्यूरोक्रेसी मुखिया मुख्यसचिव सुधांश पंत ने लोकसेवकों को जो संदेश पीए के स्थान पर पीए यानी कि परसनल एजेंडा के स्थान पब्लिक एजेंडा पर काम करने का संदेश दिया है वह अपने आपमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी को सही दिशा देने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका को स्पष्ट करता है। हांलाकि ब्यूरोक्रेसी के अधिकांश सदस्य अपने कर्तव्यों और दायित्वों के प्रति गंभीर होने के साथ ही अपने कार्य को प्रभावी तरीके से अंजाम देते हुए सरकार के जनहितकारी एजेंडा को धरातल पर उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में ब्यूरोक्रेसी की खास भूमिका होती है। सशक्त ब्यूरोक्रेटिक ढाँचे के बिना सरकारी, सार्वजनिक या निजी संस्था के सफलतापूर्वक संचालन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सुधांश पंत ने पी-2 यानी कि प्रो पिपुल-प्रो एक्टिव होने की आवश्यकता प्रतिपादित करने के साथ ही जी-2 यानी कि गुड गवर्नेस का संदेश दिया और इसी को आगे बढ़ाते हुए ब्यूरोक्रेसी को पीए से पीए यानी कि परसनल एजेंडा के स्थान पर पब्लिक एंजेडा को तरजीह देने पर जोर दिया।

सही मायने में देखा जाए तो ब्यूरोक्रेसी में इसी सोच की आवश्यकता है जिसे सुधांश पंत ने समझा है और समूची ब्यूरोक्रेसी तक इस संदेश का पहुंचाने का प्रयास किया है। भारतीय चिंतकों से लेकर देश-दुनिया के जाने माने चिंतकों ने ब्यूरोक्रेसी के महत्व को स्वीकारने के साथ ही ब्यूरोक्रेसी की भूमिका भी अपने अपने तरीके से तय की है। कौटिल्य के 'अर्थशास्त्र' में ब्यूरोक्रेसी यानीकि नौकरशाही के बारे में विस्तार से बताया गया है, लेकिन आज हम जिस रूप में ब्यूरोक्रेसी को देखते हैं उसको किसी सीमा में नहीं बांधा जा सकता। प्राचीन मिस्त्र और रोम में भी नौकरशाही की मौजूदगी के प्रमाण मिलते हैं, लेकिन प्राचीन नौकरशाही प्रमुखतः राजशाही पर आधारित थी, शासक के निजी विचार व भावनाओं पर शासन चलता था। किंतु आज की नौकरशाही कानून कायदों से चलने वाली व्यवस्था है। फ्रांसीसी अर्थशास्त्री विन्सेट डी गोर्नी ने 1745 में ब्यूरोक्रेसी शब्द का प्रयोग किया। नौकरशाही या 'ब्यूरोक्रेसी' लेटिन भाषा के 'ब्यूरो' जिसका अर्थ है 'मेज' और ग्रीक भाषा के 'क्रेसी' जिसका अर्थ है 'शासन' से मिलकर बना है। इस प्रकार 'ब्यूरोक्रेसी' का तात्पर्य 'मेज का शासन' से है। ब्यूरोक्रेसी को कर्मचारीतंत्र, अधिकारीतंत्र के साथ ही नकारात्मक अर्थो में लाल फीताशाही के रुप में भी जाना जाता रहा है। जॉन स्टुअर्ट मिल के अनुसार नौकरशाही का अर्थ समाज में सरकार के व्यावसायिक रूप से दक्ष प्रशासकों से है। हैरोल्ड जोसेफ लॉस्की ने बताया कि एक सरकारी व्यवस्था में अधिकारियों का शासन ही नौकरशाही है। हर्मन फाईनर ने बताया कि, प्रशासकों या अधिकारियों द्वारा किया गया शासन ही नौकरशाही है। वहीं मार्शल ई. डिमॉक का कहना है कि नौकरशाही एक वृहत रूप में केवल संस्थावाद का नाम है। जर्मन समाजशास्त्री मैक्स वेबर पहले ऐसे विद्वान हैं जिन्होंने नौकरशाही के नकारात्मक पहलुओं के बजाय सकारात्मक पहलुओं पर ज्यादा बल दिया और नौकरशाही के आदर्श मॉडल का प्रतिपादन किया। वेबर ने नौकरशाही के बारे में बताया कि नियुक्त किये गए अधिकारियों का समूह नौकरशाही कहलाता है अर्थात प्रत्येक वह व्यक्ति जो नियुक्त है, नौकरशाह है। साल 1920 में वेबर की किताब विर्टशॉफ्ट एंड गेसलशॉफ्ट प्रकाशित हुई, जिसमें उन्होंने सत्ता के तीन रूप परंपरावादी सत्ता, चमत्कारिक सत्ता एवं कानूनी सत्ता बताया। शासन में ब्यूरोक्रेसी की भूमिका लगभग तय होती है, जहां चुनी हुई सरकार कानून कायदे, योजनाओं, कार्यक्रमों या यों कहें कि अपना एजेंडा प्रस्तुत करते हैं वहीं धरातल पर अमली जामा पहनाने की जिम्मेदारी व अहम भूमिका ब्यूरोक्रेसी की होती है। इसमें कोई दो राय नहीं कि प्रजातंत्र में चुनी हुई सरकार की ईच्छा शक्ति और वीजन का बहुत अधिक प्रभाव पड़ता है पर इसे भले ही अतिशयोक्तिपूर्ण माना जाए पर सचाई यही है कि आज विकास की जो तस्वीर देखने को मिल रही है इसे धरातल पर लाने में ब्यूरोक्रेसी की प्रमुख भूमिका रही है।


(ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।)

### दम है तो आओ लो मैदान बुहार

छुप कर करते जो वार पीठ पर,
वह बुजदिल कायर नीच मक्कार।
निहत्थे नागरिकों को मारने वालों,
दम है तो आओ लो मैदान बुहार ।

मारेंगे तुमको चुन चुन खेद खेद कर,
मिलेगा जगत में न बचावनहार।
तुम चाहे जिस बिल में छुप लो,
तुमको न दिखने देंगें हम संसार।

यह प्रण है हर भारतवासी का,
खून का बदला जरुर चुकाएंगे।
तुम और तुम्हारे हर आका को,
अब हम अपनी भाषा में समझाएंगे।
तुमने की भूल हमें समझने की,
हम बुद्ध, अब शिव की भाषा गाएंगे।
क्षण क्षण, कण कण से तुमको,
समूल सकल सृष्टि से मिटायेंगे ।।



हरी राम यादव

### आज का राशिफल

**मेष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**वृष** : अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन** : अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। भय तथा शत्रुहानि की आशंका रहेगी।

**कर्क** : दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सबेरे ही निपटा लें।

**सिंह** : चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या** : निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतोषजनक सफलता मिलेगी। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला** : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**वृश्चिक** : संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है।

**धनु** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा।

**मकर** : मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है। व्यापार में वृद्धि होगी।

**कुम्भ** : महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है।

**मीन** : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।

पं0 सुभाष पाण्डेय: हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर बढी चौकसी

## आने-जाने वालों की हो रही है गहन जांच



**पूर्वी चंपारण, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था को चौकस कर दिया गया है।

एसएसबी 47वीं वाहिनी के जवानो ने भारत-नेपाल मैत्री पुल, पंटोका बॉर्डर, सहदेवा बॉर्डर, महदेवा बॉर्डर, मुशहरवा बॉर्डर, सिवान टोला बॉर्डर समेत सभी प्रमुख सीमावर्ती स्थानों पर सतर्कता बढ़ा दी है। नेपाल से भारत में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की गहन जांच की जा रही है। यात्रियों के सामान की भी एक्स-रे मशीनों और डॉग स्क्वाड की मदद से छानबीन की जा रही है ताकि कोई संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति सीमा पार न कर सके। एसएसबी 47वीं वाहिनी के उप सेनानायक दीपक कृष्णा ने बताया कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद सीमा पर तैनात सभी जवानों को अलर्ट मोड में रखा गया है। उन्हें हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है, जिससे आतंकी संगठन खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में प्रवेश न कर सकें। इसके अतिरिक्त, भारत-नेपाल सीमा की पगडंडियों पर भी गश्त को भी बढ़ा दिया गया है। एसएसबी के डॉग (स्वान) स्क्वाड की भूमिका भी इस अभियान में अहम है। डॉग स्वान परिचालक राजू लाल और केपी विक्रम की निगरानी में केरो और कोको नामक खोजी कुत्तों की सहायता से विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है। एसएसबी द्वारा उठाए गए इन कदमों का उद्देश्य भारत की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत बनाए रखना और संभावित आतंकी घुसपैठ को रोकना है।

स्थानीय प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियां आपसी समन्वय से स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

# बिहार के पश्चिम चंपारण में बच्ची का गला व हाथ काट कर हत्या

**बेतिया।** जिले के मझौलिया में बीते 20 अप्रैल से लापता बच्ची का क्षत-विक्षत शव बुधवार की सुबह बरवां सेमरा घाट पंचायत के सिसवानी सरेह (खाली स्थान) में मिला है।

बच्ची की गला काट और हाथ काट बेरहमी से हत्या की गयी है। शव मिलने की सूचना पर पूरे इलाका में सनसनी फैल गयी। शव का शिनाख्त बरवां तुरहा टोली निवासी सिपाही साह की 07 वर्षीय पुत्री के रूप में हुई। बच्ची के पिता दिनेश साह ने मझौलिया थाना में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया था। उल्लेखनीय है कि उक्त बच्ची बरवा सेमराघाट के सरपंच प्रमोद महतो के आवास पर हनुमान आराधना का कार्यक्रम देखने गयी थी। हनुमान आराधना का भोज भी खाया।सरपंच के पुत्र अभिषेक कुमार की शादी के निमित हनुमान आराधना का कार्यक्रम आयोजित था, जिसमे पूरा गावं निमंत्रित था। ग्रामीण बताते है कि भोज के बाद बच्ची घर आयी और फिर हनुमान आराधना देखने गयी। उसके बाद वापस नही लौटी। बुधवार की सुबह उसका क्षत विक्षत शव मिला। घटनास्थल पर मझौलिया थानाध्यक्ष विश्वमोहन चौधरी ,एसडीपीओ विवेक दीप समेत दो थाना की पुलिस पहुंची है। डॉग स्कोयाड की टीम जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये बेतिया जीएमसीएच भेजा है। एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

# इंशा परवीन ने उर्दू भाषा में किया टॉप, मिला गोल्ड मेडल

**मेहसी, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** मुजफ्फरपुर के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज डॉक्टर नियाज अहमद राना की पत्नी इंशा परवीन को उर्दू भाषा में टॉप करने पर गोल्ड मेडल से सुशोभित किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अरेराज अनुमंडल के परसा गांव निवासी और मुजफ्फरपुर के प्रख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर नियाज अहमद राना की पत्नी इंशा परवीन को ( एम ए )उर्दू भाषा में टॉप करने पर नालन्दा ओपेन यूनिवर्सिटी ने गोल्ड मेडल से सुशोभित किया है।



पटना में आयोजित 17 वें दीक्षांत समारोह में चांसलर आरिफ मुहम्मद खान ने इंशा परवीन को गोल्ड मेडल से नवाजा। चकिया नगर परिषद के वॉर्ड 12 निवासी मुख्तार आलम वो इस्मत परवीन की सुपुत्री इंशा परवीन एक शैक्षणिक घराने से संबंध रखती हैं और आधुनिक शिक्षा के क्षेत्र में उनके परिवार के सदस्यों और सगे संबंधियों ने ऊंचा मकाम हासिल किया है। मौलाना अब्दुल मोहसिन तैमी (प्रिंसपल) मौलाना अब्दुल कैयूम अशर( अनुवादक )डॉक्टर हातिम जावेद चिकित्सा पदाधिकारी मेंहसी,डॉक्टर अल्ताफ इकबाल डेंटल सर्जन चकिया,इंजीनियर शाहिद नवाज, इरशाद आलम, इंजिनियर अकमल राशि, इंजिनियर फैज उमर इंजिनियर शारिक जमील, इंजिनियर जेबा गानिया, डॉक्टर पैकर आलिया अपने अपने इल्म वो हुनर से देश और समाज की सेवा कर रही हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में उर्दू भाषा से चकिया नगर परिषद ने पहली बार किसी महिला को गोल्ड मेडल मिला है। इस संबंध में उत्तर प्रदेश में शिक्षा विभाग में प्रिंसपल के पद को सुशोभित करने वाले इस्लामिक विद्वान डॉक्टर अब्दुल मोहसिन तैमी ने कहा कि इंशा परवीन की ये कामयाबी कुअवां गांव के छात्राओं के लिए मील का पत्थर साबित होगी और निकट भविष्य में लड़कियां और अच्छा प्रदर्शन करेंगी।इस अवसर इंशा परवीन ने कहा कि एक प्रोफेसर की हैसियत से देश की सेवा करना उनका परम लक्ष्य है। पत्रकार एवं इंशाइया निगार शकील शागिल, महजबीं अंसारी, गुंचा परवीन, ऊरूसा परवीन और उरुबा परवीन ने अपनी बहन की कामयाबी पर खुशी का इजहार किया है।

# गैस रिसाव से लगी आग से घर जलकर खाक

**मोतिहारी , 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिला के तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत सपही (वार्ड नं. 3) में मंगलवार सुबह करीब साढ़े छह बजे सपही पंचायत के वार्ड संख्या तीन में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस लीक होने के कारण एक फूस के घर में भीषण आग लग गई। कुछ ही समय में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर जलकर खाक हो गया। गृहस्वामी लालबाबू सहनी के पत्नी मिन्ता देवी ने बताया कि घर में रखे करीब डेढ़ लाख रुपये नकद, सोने-चांदी के गहने, कपड़े, अनाज समेत सभी जरूरी सामान आग की चपेट में आ गए। उन्होंने कुल मिलाकर लगभग पाँच लाख रुपये की क्षति होने की बात कही है। इस हादसे में पूरा परिवार बेघर हो गया है। सूचना मिलते ही कर्मचारी सुंदरेश्वर राम घटनास्थल पर पहुंचे और नुकसान का जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की, जिसे अंचलाधिकारी को सौंप दिया गया है। मौके स्थानीय लोगों एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ि भी पहुँचीं और आग पर काबू पाने की कोशिश की, लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था। गनीमत यह रही की आग की लपटे बगल के खेत में लगी गेहू की फसल में नहीं पहुंची अन्यथा भरी नुकसान हो सकता था।



स्थानीय मुखिया विजय प्रसाद भी घटना स्थल पर पहुँचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर ढाँढस बंधाया। उन्होंने यथा शीघ्र अंचलाधिकारी से बातचीत कर राहत एवं मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया है। स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी प्रशासन से तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की माँग की है।

# मोक्षधाम बाबाजी कुटिया में हरेराम-हरेकृष्ण धुन होने से भक्तिमय हुआ शहर

**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अररिया के हृदय स्थल एवं मोक्षधाम बाबाजी कुटिया स्थित बजरंगबली मंदिर में आज से महाअष्टयाम शुरू हुआ। इस महाअष्टयाम में हजारों की संख्या में भक्तगण शामिल हो रहे हैं।हरेराम- हरेकृष्ण के धुन पर पूरा शहर भक्तिमय हो गया है। यह महाअष्टयाम शुरू होने से पूर्व रामायण पाठ शुरू हुआ था।रामायण पाठ के समापन के बाद महाअष्टयाम शुरू हो गया। इस महाअष्टयाम में जिले के प्रसिद्ध दर्जनों कीर्तन मंडली भाग ले रहे हैं। यह महाअष्टयाम रविवार को समाप्त होगा।मां खड्गेश्वरी के साधक सरोजानंद जी महाराज उर्फ नानू बाबा ने बताया कि बाबा जी कुटिया स्थित बजरंगबली मंदिर में विगत 42 वर्षों से प्रत्येक वर्ष महाअष्टयाम होता है। इससे में जिले के प्रसिद्ध दर्जनों कीर्तन मंडली भाग ले रहे हैं। कीर्तन मंडली के द्वारा शाम में अष्टयाम के दौरान भक्ति झांकी दिखाया जायेगा। नानू बाबा ने यह भी बताया कि यह महाअष्टयाम को सफल बनाने के लिए भक्तों का काफी सहयोग रहता है।बताया जाता है कि सैकड़ों वर्ष पूर्व भी बाबाजी कुटिया स्थल पर साधु-संतों ध्यान स्थल होता था। बाबा ने बताया कि महाअष्टयाम का रविवार की सुबह हवन के बाद समापन होगा। जिसके बाद भंडारा भी कराया जाएगा। इस महाअष्टयाम को सफल बनाने में अरुण मिश्रा, अखिलेश दास, किमी आनंद उर्फ भैरव पांडे, शशिकांत दुबे, राम जिनीश पासवान, शंकर माली, अरुण अलबेला, किशन भगत, कृष्ण भगत, राजू पासवान, मायानंद पासवान, गुड्डू सिंह, रोशन कुमार, विकास कुमार, दीपक कुमार,विनीत कुमार, बिरू,कनकलता झा, संतोष झा,संतोष झा मास्टर, अभिषेक बच्चन,मंगला,हीरा आदि भक्तगण काफी सक्रिय हैं।

# पंचायती राज दिवस पर कैमूर से 40 सदस्यीय दल झंझारपुर रवाना

## पीएम मोदी के विशेष कार्यक्रम में दल होगा शामिल

**भभुआ (कैमूर) , 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** पंचायती राज दिवस (24 अप्रैल 2025) के अवसर पर कैमूर जिले से पंचायत प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं संबंधित कर्मियों का 40 सदस्यीय दल 23 अप्रैल को मधुबनी जिले के झंझारपुर के लिए रवाना हुआ।



यह दल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विशेष कार्यक्रम में भाग लेगा। इस दल को एक्सपोजर विजिट के रूप में भेजा जा रहा है, जिसका उद्देश्य पंचायत प्रतिनिधियों को अन्य जिलों की उत्कृष्ट कार्यप्रणाली, नवाचारों एवं पंचायती राज संस्थाओं के प्रभावी संचालन की जानकारी देना है। इससे उन्हें अपने क्षेत्रों में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन एवं स्थानीय शासन की सुदृढ़ता में सहायता मिलेगी। जिला प्रशासन कैमूर द्वारा यह पहल पंचायत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो जन भागीदारी एवं सुशासन को प्रोत्साहित करेगी।

इस संबंध में जिला पंचायती राज पदाधिकारी मनोज कुमार पवन ने जानकारी देते हुए बताया कि 40 सदस्य दल को प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के लिए भेजा जा रहा है। पंचायती राज विभाग का यह उद्देश्य है कि सभी प्रतिनिधि पंचायत की कार्य प्रणाली और नवाचारी तकनीक से अवगत हो सके।

# विजयोत्सव पर याद किए गए स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह

**पूर्वी चंपारण, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत विकास परिषद् शाखा रक्सौल के द्वारा शहर के कौड़िहार चौक स्थित परिषद कार्यालय में बुधवार को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के 167वें विजयोत्सव पर याद किया गया।



कार्यक्रम के आरंभ में पहलगाम में हुए बर्बर आतंकी हमले में प्राण गंवाने वाले निहत्थे एवं निर्दोष पर्यटकों की दिवंगत आत्मा के प्रति परिषद के सभी सदस्यों द्वारा दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता रक्सौल शाखा के संरक्षक अवधेश सिंह ने की । इस दौरान कार्यक्रम के आरंभ में दीप प्रज्वलन के साथ वन्दे मातरम् गायन एवं वीर कुंवर सिंह के तैल चित्र पर पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर अवधेश सिंह ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते कहा हुए कि सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, भोजपुरिया माटी के महान सपूत अपराजेय योद्धा एवं 80 वर्ष की आयु में अंग्रेजी साम्राज्य का नींव हिलाने वाले बिहार की शान अमर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह जी को विजयोत्सव पर शुभकामनाएं एवं उन्हें सादर शत-शत नमन है।

उन्होंने इस बात को रेखांकित करते हुए यह भी कहा कि आज के दौर में उनका ओजपूर्ण जीवन चरित्र और अधिक प्रासंगिक है। उन्होंने यह भी कहा कि देश के युवाओं को उनकी वीरतापूर्ण जीवनी के बारे में पढ़ना चाहिए ।

# यूपीएससी में सफल रवि राज से प्रेरणा लें नवादा की छात्र व छात्राएं : डीएम

**नवादा, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** डीएम रवि प्रकाश ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा में 182 रैंक लाकर सफलता प्राप्त करने वाले जिले के प्रतिभावान छात्र रवि राज से मुलाकात की। उन्हें सम्मानित कर जिले के युवाओं का प्रेरणा स्रोत बताया ।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि 40 प्रतिशत तक दृष्टि बाधित रहने के बावजूद भी रवि राज ने अथक परिश्रम कर यूपीएससी की परीक्षा पास कर ली ।इस अवसर पर उन्होंने रवि को मोमेंटो, मिठाई एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की। जिलाधिकारी ने रवि राज की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं सफलता की प्रशंसा की और कहा कि यह उपलब्धि केवल छात्र की नहीं, बल्कि पूरे नवादा जिले के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रेरणादायक युवाओं को प्रोत्साहन देना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, जिससे अन्य छात्र भी उत्साहित होकर कठिन परीक्षाओं की तैयारी में जुट सकें।

उन्होंने यह भी कहा कि यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा में सफलता हासिल करना एक बड़ी उपलब्धि है। रवि राज की यह सफलता निश्चित रूप से जिले के युवाओं के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी।रवि राज ने बताया कि उन्होंने अपनी प्रारंभिक पढ़ाई नवादा स्थित दयाल पब्लिक स्कूल से की तथा स्नातक की पढ़ाई सीताराम साहू कॉलेज, नवादा से पूरी की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया।

# जदयू बीस सूत्री सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन,एनडीए के नेतृत्व बिहार में पुनः बनेगी सरकार : नेत्री अरुणा

**बिक्रमगंज (रोहतास), 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** शहर के अरुणा मार्केट के सभागार में बुधवार को काराकाट विधानसभा क्षेत्र के जदयू सह एनडीए समर्थित कार्यकताओं के नेतृत्व में नव मनोनीत बीस सूत्री सदस्यों का सम्मान समारोह आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता काराकाट विधानसभा के राज्य परिषद सदस्य सह तरारी विधानसभा प्रभारी जदयू नेत्री अरुणा देवी एवं संचालन जदयू प्रखंड अध्यक्ष संजय वर्मा ने की।इसके पूर्व उपस्थित सभी एनडीए कार्यकताओं सहित आमजनों ने वीर योद्धा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर उन्हें याद करते हुए उनके तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण कर उन्हें नमन कर भावभीनी श्रंद्धाजलि दी गई तथा उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। साथ ही मंगलवार को जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा कायराना हमला कर करीब 27 पर्यटकों की हत्या कर दी गई। जिस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते उनके याद में दो मिनट का मौन रख उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए लोगों ने ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम का शुभारंभ जदयू नेत्री अरुणा देवी ने काराकाट,बिक्रमगंज, संझौली प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत एनडीए के सभी 45 नव मनोनीत बीस सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य को फूल माला पहना उन्हें अंगवस्त्र भेट कर सम्मानित किया गया।



साथ ही साथ कार्यक्रम में उपस्थित एनडीए समर्थित सैकड़ों कार्यकताओं को भी जदयू नेत्री ने अंगवस्त्र से सम्मानित किया। मौके पर सभा को संबोधित करते हुए अरुणा देवी ने बताया कि आज बिहार में विकास पुरुष मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में विकास की बयार बह रही है। जिनके विकास से आज पूरे बिहार में शिक्षा के क्षेत्र में बेटियों के साथ महिला सशक्तिकरण मजबूत बन गई है। साथ उन्होंने बताया कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए के नेतृत्व में विकास पुरुष नीतीश कुमार की पुनः सरकार बनेगी। जिसका फैसला बिहार की मतदाता जनता ने अभी से कर लिया है।मौके पर धनंजय चौधरी, अजीत सिंह, संजय वर्मा, सुनील सिंह, गोरखनाथ गुप्ता, संदीप सम्राट, विजय कुमार चौधरी, गुड़िया देवी, ज्ञांती देवी, बूटन प्रसाद, सुरेश गुप्ता, बिनोद पासवान, जयशंकर पटेल, सतेन्द्र पाठक, सुनील सिंह, आशुतोष सिंह, रेयाज खान,विपिन बिहारी सिंह सहित सैकड़ों एनडीए कार्यकताओं कार्यक्रम में भाग लिया।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रद्धांजलि सभा आयोजित

**पत्रकार नगर,खगड़िया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** चौथम प्रखंड के मध्य बोरना पंचायत अंतर्गत जयप्रभा नगर निवासी जदयू के जिला महासचिव स्मृति शेष कौशल सिंह के आत्मा की शांति हेतु उनके पैतृक आवास पर पूर्व प्रमुख संजय डांगर की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया गया। सर्वप्रथम उपस्थित जदयू के जिला अध्यक्ष बबलू कुमार मंडल, जदयू के जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री, जदयू जिला उपाध्यक्ष उमेश सिंह पटेल, जदयू श्रम एवं तकनीकी प्रकोष्ठ के खगड़िया नगर परिषद अध्यक्ष डॉ धीरेंद्र कुमार यादव आदि गणमान्य व्यक्तियों के द्वारा उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। तत्पश्चात, जदयू जिलाध्यक्ष बबलू कुमार मंडल ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिवंगत श्रद्धेय कौशल सिंह यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कुशल कार्यों में आस्था रखने वाले जदयू संगठन के जहां सच्चे सिपाही थे, वहीं समाज के लिए महान हितैषी भी थे। मुखिया रहते उन्होंने अपने पंचायत के जनताओं के हित व सम्मान का ख्याल रखते हुए कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को धरातल पर क्रियान्वित किए। उनके असामयिक मृत्यु से हमारे दल और समाज को अपर्णीय क्षति हुई है।

### मोहिउद्दीननगर टांड़ा में एक घर में आग लगने से कई मवेशी भी झूलसे

**मोहिउद्दीननगर (समस्तीपुर), 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के कल्याणपुर बस्ती पश्चिम पंचायत स्थित टांडा वार्ड 05 निवासी अशोक राय के घर में अचानक आग लगने से झोपड़ी का घर जलकर राख हो गया। वहीं तीन पशु भी बुरी तरह झूलस गया, जिसमें एक पशु की हालत गंभीर ज्यादा गंभीर बनी हुई है। माकपा नेता मनोज प्रसाद सुनील ने सूचना मिलते ही अग्निशामक एवं अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार द्विवेदी को जानकारी दिया एवं शीघ्र सरकारी लाभ पीड़ित को देने का अनुरोध किया। पशु के डॉ. राजेश कुमार घायल पशु का घटनास्थल पर पहुंच कर इलाज किया। ग्रामीणों एवं दमकल के सहयोग से आग बुझाया गया। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### दो ई-रिक्शा चार्ज करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

**बिक्रमगंज, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** दिनारा प्रखंड के राजपुर पंचायत मे अवैध रूप से विद्युत ऊर्जा चोरी को लेकर कनीय विद्युत अभियंता दिनारा के नेतृत्व मे एक जाँच दल का गठन कर दो ई-रिक्शा मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। जेई दिनारा विकाश कुमार के द्वारा बताया गया की बिना कोई विद्युत कनेक्शन लिए अवैध रूप से सर्विस तार संयोजित कर विद्युत ऊर्जा चोरी करने को लेकर असिया टोला निवासी व ई-रिक्शा संचालक महेश चौधरी पर 213760, प्रकाश कुमार पर 213760 रुपये दंडित राशि लगायी गयी है। जाँच के दौरान ई-रिक्शा चार्ज करने हेतु कोई भी वैध विद्युत कनेक्शन एवं परिसर मे मीटर भी अधिष्ठापित नहीं पाया गया तथा विद्युत सम्बंधित कागजात की मांग करने पर कोई कागजात भी प्रस्तुत नही की गयी। वही जाँच दल द्वारा घरेलु परिसर मे अवैध रूप से बिजली जलाने को लेकर केदार चौधरी पर 40668 एवं रविंद्र चौधरी पर 39480 रुपये राजस्व की क्षति लगायी गयी है। सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के द्वारा सभी ई-रिक्शा चालक से आग्रह किया गया है की जो भी बिना कनेक्शन लिए अवैध रूप से ई-रिक्शा चार्ज कर रहे हैं वह कनेक्शन ले लें अन्यथा जाँच के क्रम मे चोरी करते पाए जाने पर जुमार्ना राशि लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। आवेदक विद्युत कनेक्शन लेने के लिए सुविधा ऐप्प के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन समर्पित कर विद्युत कनेक्शन ले सकते हैं।

### इस्लामिक आतंकियों का बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**अररिया, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को इस्लामीक आतंकियों के द्वारा हिंदुओं के साथ किए गए नरसंहार के विरोध में बुधवार को फारबिसगंज पोस्ट ऑफिस चौक पर बजरंग दल के कार्यकताओं की ओर से इस्लामिक आतंकियों का पुतला दहन किया गया।पुतला दहन कार्यक्रम की अध्यक्षता बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी ने की। मौके पर मनोज सोनी ने कहा कि कश्मीर घाटी के पहलगाम में जिस तरह से हमारे निहत्थे हिंदू भाइयों से धर्म पूछ कर उनका नरसंहार किया गया, यह देश के समस्त हिंदुओं के लिए चिंता का विषय है। यह कायरता का परिचय दिया है।अब नहीं तो कब मौका है अभी भी समस्त हिंदू समाज एकजुट हो जाए।उन्होंने कहा हमारे देवी देवताओं के हाथों में अस्त्र-शास्त्र बहुत कुछ संदेश दे रही है।सरकार इस घटना का तुरंत रिप्लाई दे अन्यथा हिंदू समाज को संभालना बड़ा मुश्किल हो जाएगा। भाजपा शासनकाल में हिंदुओं का नरसंहार हो रहा है,अगर देश में गलती से कहीं हिंदू विरोधियों की सरकार होगी तो हिंदुओं का क्या होगा।मौके पर उपस्थित बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक मनोज सोनी, नवीन केसरी, उमाशंकर चौधरी, संजय रजक, नंदन ठाकुर, विक्रम राय, अमित सिंह, अंकित गुप्ता, विनय रजक, संजय सिंह, राजा कुमार, विकास कुमार, अर्जुन मिश्रा, सोनू राय, चंदन सिंह सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे ।

# पहलगाम हमले के बाद रोहतास में मातम

## आतंकवादियों ने पत्नी और बच्चों के सामने मारी गोली,घटना को लेकर लोगों में आक्रोश

**सासाराम/करहगर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में मारे गए इंटेलिजेंस ब्यूरो के एक अधिकारी मनीष रंजन रोहतास जिले के निवासी हैं। मनीष रंजन मूल रूप से जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अरूहीं गांव के रहने वाले हैं और सासाराम के गौरक्षणी मोहल्ले में भी इनका एक निजी मकान है, जहां इनके चाचा-चाची रहते हैं।

मनीष रंजन अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ कश्मीर घूमने गए थे जहां आतंकवादियों ने पहलगाम में उन्हें बच्चों और पत्नी के सामने हीं गोली मारकर हत्या कर दी ।मनीष के चाचा आलोक कुमार ने बताया कि मनीष रंजन की शादी इलाहाबाद में वर्ष 2010 में हुई थी और इनका एक पुत्र और पुत्री है। उन्होंने बताया कि मनीष हैदराबाद में पदस्थापित थे और अपने माता-पिता के साथ बंगाल के झालदा में रहते थे। उन्होंने यह भी बताया कि घटना की जानकारी उन्हें बीती रात 9:00 बजे हीं हो गई जब वह टीवी पर आतंकियों के हमले की जानकारी मिली। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि वह न्याय चाहते हैं और आतंकियों को खत्म कर देना चाहिए ।हैदराबाद में आईबी अधिकारी के रूप में कार्यरत मनीष रंजन तीन भाइयों में सबसे बड़े थे।

एक भाई विनीत रंजन एक्साइज विभाग में अधिकारी हैं, जिनकी पोस्टिंग झारखंड में है, जबकि दूसरा भाई राहुल रंजन छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर में फूड इंस्पेक्टर के पद पर पदस्थापित है ।मनीष के पिता मंगलेश मिश्रा एक सेवानिवृत्त शिक्षक हैं, जो बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत झालदा हाई स्कूल में पढ़ाते थे। मनीष अपने माता-पिता के साथ बंगाल में हीं रहते थे, लेकिन इनकी पोस्टिंग हैदराबाद में थी। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और सभी मनीष की पत्नी एवं बच्चों को लेकर भी चिंतित हैं ।वहीं पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर पीड़ित परिवारों के साथ-साथ पूरे देश भर में आक्रोश देखा जा रहा है। मनीष के मित्र विशाल सिंह ने बताया कि जब टीवी के



माध्यम से हमले की जानकारी मिली समझ में नहीं लाया, लेकिन जब उनके चाचा से बात हुई तो पता चला कि हमारे मित्र मनीष कुमार भी इस हमले में शहीद हो गए हैं। साथ हीं एक अन्य मित्र राजीव नयन ने कहा कि मनीष हमारे बचपन के मित्र थे और हमें इस तरह छोड़ कर चले जाएंगे उम्मीद नहीं थी। यह आतंकवादियों का बहुत हीं कायराना हमला है और सरकार को इनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों को नेस्तनाबूद कर देना चाहिए ।हैदराबाद में तैनात आईबी अधिकारी मनीष रंजन अपने परिवार के साथ छुट्टी पर कश्मीर घूमने गए थे। परिवार और अन्य टूरिस्ट मिनी स्विट्जरलैंड कहे जाने वाले पहलगाम की बैसारन घाटी में थे, जब आतंकियों ने उन पर हमला किया। इस हमले में कुल 27 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी गई है।

करगहर /रोहतास इस घटना के बाद अरूही गांव में जिले से अधिकारियों व पदाधिकारी का तांता लग गया है। घटना कि सूचना पर सासाराम अनुमंडल पदाधिकारी आशुतोष रंजन , एसडीपीओ - टू कुमार वैभव व अंचलाधिकारी अजीत कुमार अरूही पहुंचे, जहां परिजनों से हाल जाना। इस ? दौरान उनके चचेरे भाई शिवम मिश्रा ने बताया कि सपरिवार पश्चिम बंगाल के लिए निकल गया है। वही इस घटना की जानकारी मिलते ही कई जनप्रतिनिधि राजनितिक दलों के नेता व समाजसेवी पहुंच रहे हैं। इसी क्रम में भोजपुरी सिने स्टार पवन सिंह की पत्नी ज्योति सिंह भी उनके पैतृक गांव अरूही पहुंच कर घटना की जानकारी ली। इस दौरान कई गणमान्य लोगों का तांता लगा रहा।

# आतंकवाद को लेकर गंभीर नहीं केंद्र सरकार



**गोपालगंज, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। जिला कांग्रेस कार्यालय पर ज़िला अध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग की अध्यक्षता में जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा पर्यटकों पर किए गए हमले और मारे गए लोगों के प्रति शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु एक शोक सभा का आयोजन किया गया . सभी मृत लोगों की आत्मा की शान्ति एवम इस दुख के समय में मृतक के परिजनों को सबल और सहन शक्ति के लिए प्रार्थना कर दो मीनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई. उक्त मौके पर अपनी श्रद्धांजलि देते हुए जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश गर्ग ने कहा की आतंकवाद के मुद्दे पर भी सरकार गंभीर नहीं हैं।

इस समय राजनीति से परे होकर आतंकवाद के खिलाफ सभी दलों को एक पटल पर खड़ा होना होगा . कांग्रेस मृतकों के प्रति अपनी शोक संवेदना प्रकट करती है .मौके पर अनिल कुमार दूबे, राकेश कुमार तिवारी, सतार अली, शमशुल हक आजाद, हसीब अख्तर खान, मुस्ताक अहमद अमरजीत राम, अरशद इमाम, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। काश्मीर के पहलगाम में 27 सैलानियों के आतंकी नरसंहार से लोगों में उबाल है तथा तीखी प्रतिक्रियाओं का दौर जारी है. धर्म पूछ कर की गयी हत्याओं से लोग काफी आक्रोशित हैं. राजद के जिलाध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह ने कहा है कि यह हमला मानवता के ऊपर एक करारा प्रहार है. इस घटना ने देश को झकझोर दिया है।

हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है. इस दुखद घड़ी में पूरा देश शोकाकुल परिवारों के साथ खड़ा है. केंद्र सरकार आतंकी संगठनों पर कठोर करवाई करे ताकि आगे ऐसी हरकत करने की किसी की हिम्मत न हो। पहलगाम में सैलानियों पर हुआ आतंकी हमला भारत पर हमला है. इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नही किया जा सकता है।

केंद्र सरकार आंतकी संगठनों और उनके सरपरस्तों पर कठोर करवाई करे. संकट के इस घड़ी में पूरा देश एकजुट और सरकार के साथ है.राजद के महासचिव इम्तियाज अली भुट्टो ने कहा है कि यह हमला बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इसकी जितनी भी निंदा की जाय कम है. निहत्थे सैलानियों पर हथियार उठाना और उन्हें मारना बुजदिली है. इसकी तो सजा मिलनी चाहिए. जदयू के प्रदेश महासचिव प्रमोद कुमार पटेल ने कहा है कि पहलगाम नरसंहार की कीमत आतंकियों को चुकानी पड़ेगी. सरकार चुप बैठने वाली नहीं है. पाई पाई को हिसाब होगा. भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनूप कुमार श्रीवास्तव ने कहा है कि निहत्थे लोगों पर कायराना हमला देश नहीं सहेगा. वे चाहे जितना भी छुप लें,घसीट घसीट कर इलाज होगा और भारत इसका बदला लेगा. पहलगाम हमले की अनेक संगठनों, राजनीतिक दलों ने निंदा की है।

# सिधवलिया क्षेत्र से दो शराब तस्कर गिरफ्तार




**गोपालगंज, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अलग-अलग क्षेत्रों में शराब तस्करों पर कार्रवाई की गई है. इसी कड़ी में सिधवलिया थाना अंतर्गत कल्याणपुर मधुबनी से एक साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है. इस मामले में पुलिस ने बताया कि एक शराब तस्कर बाइक पर लदे 25.92 लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है .जिसकी पहचान राणा कुमार तिवारी उम्र 24 वर्ष पिता कन्हैया तिवारी साकिन अमरपुरा थाना महम्मदपुर रूप में की गई है. दूसरा रूपम कुमार उम्र 19 वर्ष पिता राजेश प्रसाद साकिन बलरा थाना सिधवलिया दोनों जिला गोपालगंज को गिरफ्तार किया गया है. दोनों तस्करों पर उत्पाद अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की गई है. दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### उच्च न्यायालय से पहुंची टीम ने सजायफ्ता कैदियों से की मुलाकात

**गोपालगंज 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार अनूप कुमार उपाध्याय की उपस्थिति में मंडल कारा चनावे में बंद सजायाफ्ता कैदियों के बीच माननीय उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति, पटना से आए पांच सदस्यीय पैनल अधिवक्ता की टीम, जिसमें शिवसागर शर्मा, अशोक मिश्रा, सुरेश प्रसाद शर्मा, मणि भूषण प्रसाद एवं उमेश कुमार शर्मा द्वारा कारा में बंद सभी सजायाफ्ता कैदियों से उनके वादों में अपील दाखिल करने, विधिक सहायता एवं अन्य बिंदुओं पर कैदियों से बातचीत की गई . टीम के सभी सदस्यों द्वारा कारा के सभी सजायाफ्ता कैदियों से एक-एक कर उनके वादों में दाखिल अपील की वर्तमान स्थिति, वैसे सजायफ्ता कैदी जो अपनी सजा की आधी अवधि काट चुके हैं , कैदियों की पहचान की गई. कैदियों के विधिक अधिकारों, विधिक सहायता, सरकारी खर्चे पर अपील दाखिल करने आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई . मौके पर काराधीक्षक एवं कारा प्रशासन के पदाधिकारीगण के साथ लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के चीफ लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल गिरिजेश कुमार मिश्रा एवं असिस्टेंट लीगल एन्ड डिफेंस काउंसिल विकास कुमार भी उपस्थित थे.

### पत्रकार के निधन पर दी गई श्रद्धांजलि

**गोपालगंज, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। आकाशवाणी पटना एवं एक समाचार पत्र के पूर्व पत्रकार एवं गोपालगंज निवासी राजेन्द्र प्रसाद के असामयिक निधन पर श्रमजीवी पत्रकार यूनियन गोपालगंज की बैठक में अपूर्णीय क्षति बताते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई. श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के जिला महासचिव उपेंद्रनाथ उपाध्याय की अध्यक्षता में स्थानीय मुख्तरखाना भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया. ? जिसमें वरिष्ठ पत्रकार वरुण कुमार मिश्र , अखिलानंद मिश्र, विजय तिवारी, परशुराम श्रीवास्तव ,भगवान भारती , राजन तिवारी, कुमार संजय , सत्य प्रकाश वर्मा आदि ने राजेंद्र प्रसाद को एक निष्पक्ष एवं जुझारू पत्रकार बताते हुए उनके असामयिक निधन को जिले की पत्रकारिता के लिए अपूर्णीय क्षति बताया. इस अवसर पर पत्रकार उपेंद्रनाथ उपाध्याय ने कहा कि राजेंद्र प्रसाद जो राजेंद्र जी के नाम से चर्चित थे, लंबी अवधि तक पत्रकारिता के क्षेत्र में योगदान किया. जिला से प्रकाशित सारण के बागी साप्ताहिक समाचार पत्र से पत्रकारिता शुरू करने वाले राजेंद्र ने पटना से प्रकाशित दैनिक आज एवं दैनिक हिंदुस्तान के जिला संवाददाता के रूप में काम किया. इसके साथ ही आकाशवाणी पटना के भी पत्रकार के रूप में काम किया. सरल स्वभाव एवं मृदुभाषी राजेंद्र प्रसाद अपने पैतृक गांव सिवान जिले के पचलखी पंचायत से दो बार मुखिया भी रहे. विगत दिनों अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उनके परिवारजनों ने गोरखपुर में भर्ती कराया जहां उन्होंने अपनी अतिम सांस ली. उनके असामयिक मृत्यु ने जिला की पत्रकारिता में एक शून्य पैदा कर दिया है.अंत में उनकी आत्मा की शांति एवं शोक संतप्त परिवार को यह सदमा सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्राथना की गई।

### पोल्ट्री फार्म में अचानक आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जला

**कोचस (रोहतास), 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। परसथुआ थाना क्षेत्र के महावीरगंज में अचानक आग लगने से मुर्गी चूजा के साथ अन्य सामान जल गई। जिसकी कीमत लाखों रुपए तक बताई जा रही है। पीड़ित महावीर गंज निवासी बालेश्वर पासवान बताए जाते हैं ।इसकी जानकारी देते हुए बीडीसी प्रतिनिधि धनंजय शर्मा ने बताया सलथुआ के तरफ से खेत में लगे आग की लपटे महावीर गंज तक पहुंची जहा पोल्ट्री फार्म पहुंच आग पकड़ ली ।जिसके चलते पोल्ट्री फार्म धु धू कर जल गई। इस तेज हवा और तेज लपटों की वजह से किसी ने आग पर काबू नहीं पाया। पोल्ट्री फार्म में करीब दो हजार मुर्गी की चूजा थे, इसके अलावा अन्य सामान भी जल कर राख हो गया। घटना की सूचना पर पहुंची 112 नंबर डायल पुलिस तथा आंचल से आए कर्मचारियों ने पोल्ट्री फार्म का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवार ने आगजनी में नुकसान हुए सामान व मुर्गी चूजा के मुआवजे की गुहार लगाई है।

# वीर कुंवर सिंह की मनाई गई जयंती,लोगों ने किया याद

**सासाराम/बिक्रमगंज, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में शाहाबाद के लाल स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह का जयंती विजय उत्सव के रूप में रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार पांडे ने किया। संचालन वरिष्ठ कांग्रेसी राधा प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित अमरेंद्र कुमार पांडे ने कहा की बाबू वीर कुंवर सिंह ने जो इस देश को दिया है बहुत ही सराहनीय है उनके शहादत को हम लोग भूल कभी भूल नहीं सकते हैं और उनको बताए हुए



पद चिन्ह पर चलकर समाज में एक नया प्रकाश देने का काम करेंगे साथ ही जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन के विस्तार एवं संगठन के मजबूती के लिए भी चर्चा किया गया और हर घर झंडा अभियान के तहत हर प्रखंडों में कांग्रेस जनों के घर पर झंडा लगवाने का जो अभियान है और युवा चौपाल, किसान चौपाल जो करवाने का अभियान है उसको कैसे सफल बनाया जाए इस पर भी चर्चा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मनोज कुमार सिंह राजेश्वर सिंह कुशवाहा धनंजय सिंह श्री भगवान सिंह श्वेता रानी रामनारायण राम जयप्रकाश पांडेय पतंजलि मिश्रा मनीष चौबे तफिक अहमद मकरानी आलोक मेहता नवीन दुबे मानस रंजन दीपक कुशवाहा हीराराम नसरुद्दीन अंसारी वीर बाबा अजय चौबे लोकेश तिवारी दीपक शुक्ला जोखन बिंद सहित दर्जनों लोगों शामिल हुए

**बिक्रमगंज**। स्थानीय वीर कुंवर सिंह महाविद्यालय धारूपुर में आज वीर बांकुड़ा बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई. कार्यक्रम में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा के सीनेट सदस्य एवं भाजपा शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश महामंत्री डॉ मनीष रंजन ने बाबू वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी. डॉ रंजन ने कहा कि वीर कुंवर सिंह का जन्म 23 अप्रैल 1782 को बिहार के भोजपुर जिले के जगदीशपुर गांव में हुआ था।

### विद्युत अधिकारियों के साथ हिंसक झड़प, केस दर्ज

**नासरीगंज/रोहतास, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। नगर पंचायत क्षेत्र के वार्ड दो और चार में बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान विद्युत विभाग अधिकारियों के साथ हिंसक झड़प का मामला प्रकाश में आया है। यह घटना गत 21 अप्रैल यानि सोमवार की बताई जाती है। बाद में नासरीगंज पावर सबस्टेशन में पदस्थापित जेई पंकज कुमार शर्मा ने घटना को ले थाने में नामजद एफआईआर दर्ज कराई है। जेई श्री शर्मा ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी के वरीय अधिकारियों के निदेर्शानुसार बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाने के लिए छापेमारी दल का गठन किया गया था।

# मारपीट कर किया अधमरा,पैर भी तोड़ा,न्याय के लिए थाने में लगा रहा गुहार

**समस्तीपुर/रोसड़ा , 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। विभूतिपुर में बीते दिन हुए मारपीट में एक महिला को अधमरा करने का एक वीडियो सोशल शोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा रहा है कि कुछ व्यक्ति द्वारा पीड़ित परिवार को मार कर अधमरा कर दिया है वही इस मामले में पीड़ित परिवार ने थाने में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है।

आवेदन के माध्यम से विभूतिपुर वार्ड 17 निवासी रहिसा खातून ने थाने में आवेदन देते हुए कहा कि 18 अप्रैल को शाम के लगभग 6:00 बजे आवेदन में दिए गए नामित आरोपी सुनियोजित सांची समझी साजिश के तहत अपने अपने हाथ में लाठी ,डंडाज ग्रसा हथियार से लैश होकर सभी मेरे घर पर हमला कर दिया और मेरे घर में लूटपाट करना शुरू कर दिया ,जब मैं इसका विरोध किया तो मेरे साथ भी मारपीट कर बुरी तरह जख्मी कर दिया और मेरा कपड़ा फाड़ दिया जब मेरी बेटी मुझे अफसाना खातून बचाने के लिए आई तो उसके साथ भी सभी लोग मारपीट करने लगा और मुझे और मेरी बेटी को मारपीट कर अधमरा कर दिया और मेरी बेटी को बुरी नीयत से इधर-उधर हाथ फेर रहा था ,मेरी बेटी का गला का चांदी का चैन जिसका कीमत 10 हजार था वो भी छीन लिया मेरे कान का टॉप जिसका कीमत लगभग 20 हजार था वह भी छीन लिया तथा मेरे घर में घुसकर बक्से में रखा कपड़ा भी उक्त सभी आरोपी लेकर भाग गया मेरे घर से 4 बोरी गेहूं जिसका कीमत 10 हजार है वह भी लेकर उक्त नामित आरोपित लेकर भाग गया जब मुझे पूरी तरह जख्मी कर अधमरा कर दिया तो गांव के लोग इसका विरोध की तो सभी भाग गया और भागते समय बोल रहा था कि साले थाना गया तो सभी को घर में बंद करके आग लगा देंगे इसके बाद 112 पुलिस को बुलाया तो थाने में आवेदन दिया।

# तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन प्रशिक्षण का समापन

**सासाराम, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। चिकित्सा विज्ञान के छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने एवं नित्य हो रहे नवीनतम शोध के प्रति शिक्षकों को अद्यतन रहने के उद्देश्य से नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जमुहार में चल रहे तीन दिवसीय बेसिक कोर्स इन मेडिकल एजुकेशन का प्रशिक्षण का समापन आज हो गया ।इस प्रशिक्षण में बिहार और झारखंड से कुल अट्ठाईस चिकित्सा शिक्षकों ने हिस्सा लिया।

उपरोक्त जानकारी देते हुए नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरा लाल महतो एवं चिकत्सा शिक्षा विभाग के समन्वयक डॉक्टर पुनीत कुमार सिंह ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र के सिलेबस में हुए बदलाव के साथ ही शिक्षण पद्धति में भी डीजिटल नवीनतम तकनीक आया है जिसकी जानकारी चिकित्सा विज्ञान के शिक्षकों के लिए अत्यंत आवश्यक है ।उन्होंने बताया कि झारखंड के लक्ष्मी चंद्रवंशी मेडिकल कॉलेज से तीन शिक्षक और नारायण मेडिकल कॉलेज के पच्चीस शिक्षकों का प्रशिक्षण विगत तीन दिनों से चल रहा था जिसका आज समापन हो गया ।शिक्षकों को प्रशिक्षण देने हेतु रिसोर्स संकाय के रूप में नारायण मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर हीरा लाल महतो,समन्वयक डॉक्टर पुनित कुमार सिंह,डॉक्टर अशोक कुमार देव,डा.जीतेन्द्र कुमार, डा.रंजन कुमार, डा.निपेन्द्र आनंद, डा.विवेक सिन्हा, डा.राहुल चन्द्रा,डा.अमरेश कुमार, डा.राकेश कुमार, डा.मणिकांत कुमार, डा.सी के दिवाकर अपनी भूमिका का निर्वहन सफलता पूर्वक किया।

आज प्रशिक्षण के अंतिम दिन कार्य के पर्यवेक्षण के लिए राष्ट्रीय चिकित्सा परिषद द्वारा नामित मेदनीराय मेडिकल कॉलेज, पलामू के बायोकेमिस्ट्री विभाग के प्राध्यापक डाक्टर डी.रविशंकर उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नारायण मेडिकल कॉलेज में विश्वविद्यालय के कुल सचिव अजय कुमार सिंह, मेडिकल एजुकेशन यूनिट के प्रभारी मनीष कुमार सिंह, प्राचार्य कार्यालय के अमित कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिंह, राजेश कुमार, पुष्कल रंजन, रविंद्र कुमार, प्रदीप कुमार आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

# गोदाम में लगी भीषण आग, लाखों का हुआ नुकसान

## दो घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**सासाराम, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)**। नगर निगम सासाराम के खिलनगंज मोहल्ले में बुधवार की सुबह एक गोदाम में भीषण आग लग गई। आग लगी में गोदाम के अंदर रखे सभी सामान जलकर राख हो गए और लाखों का नुकसान हुआ है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के खिलनगंज मोहल्ले में नगर के पूर्व वार्ड पार्षद रामकृपाल सिंह का एक मकान है, जिसे उनके द्वारा गोदाम के रूप में उपयोग किया जाता था। बुधवार की सुबह अचानक गोदाम से कुछ आग की लपटें दिखाई देने लगी और देखते हीं देखते आग ने भीषण रूप ले लिया ।इधर आग लगने की सूचना आसपास के इलाकों में तेजी से फैल गई और घटनास्थल पर कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। मकान से सटे आसपास के अन्य लोग भी डर के मारे सहम गए और अपने-अपने छतों से पानी के सहारे भी आग बुझाने का प्रयास करने लगे।

वहीं आग की लपटों को देखकर तत्काल स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दे दी और आसपास के लोग आग बुझाने का असफल प्रयास करने लगे। हालांकि आग लगने की सूचना पर तत्काल फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने का प्रयास किया जाने लगा। इस दौरान आग पर पूरी तरह काबू पाने में दमकल की कई गाड़ियों को लगभग 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी, जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली ।घटना के संदर्भ में जानकारी देते हुए अग्निशमन विभाग के ऑफिसर नवल सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह लगभग 8 बजे के करीब शहर के खिलनगंज मोहल्ले में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसको लेकर तत्काल दमकल की तीन गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है और आग को पूरी तरह बुझाने का प्रयास किया जा रहा



है ।आगलगी की घटना के बाद रॉक्सी इलेक्ट्रिक के गोदाम मालिक अभिषेक गुप्ता ने 60 से 70 लाख के नुकसान का दावा किया है। उन्होंने बताया कि गोदाम में काफी संख्या में प्लास्टिक के बने उत्पाद रखे गए थे, जिसमें संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। जबकि तीन मंजिला इमारत को भी भारी नुकसान पहुंचा है।

### आग लगी मे दो मवेशी की जलकर हुई मौत, एक भैंस झुलसी

**कोचस (रोहतास)**। प्रखंड के विजनडिहरा के खेत के पास बनी एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक गाय और उसके बछड़े की जल जाने से मौत हो गई, जबकि एक भैंस गंभीर रूप से झुलस गई है और उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। पीड़ित पीड़ित विजनडिहरा निवासी हरेराम सिंह बताए गए है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, खेत में गेहूं के डंठल किसी ने आग लगा दी थी । तभी नरवर सिवान की ओर से तेज हवा चलने के कारण आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया। यह हादसा लगभग दोपहर 2 बजे की बताई जाती है। आग की भयावहता इतनी थी कि किसी को कुछ समझने का मौका तक नहीं मिला ।इस घटना से हरेराम सिंह के परिवार को लगभग 2 लाख रुपये की आर्थिक क्षति हुई है। यह केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक तौर पर भी परिवार के लिए एक गहरा आघात है। वही घटना की जानकारी मिलते ही नरवर पंचायत के मुन्ना यादव,जनार्दन सिंह,विजय कुमार,श्रीभगवान सिंह ने आगलगी मे मिलने वाली मुआवजे दिलवाने के लिए आश्वाशन दिया। घटना पर पहुंची सरकारी पशु चिकित्सक के टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहायता,पशुचिकित्सा सुविधा और अन्य आवश्यक मदद उपलब्ध कराई जाए।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# एडीएम की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित



**संतकबीरनगर, 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** अपर जिलाधिकारी जयप्रकाश की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा सड़क सुरक्षा समिति की विगत बैठकों में दिए गए निदेशों की विभिन्न विभागों द्वारा अनुपालन आख्या एवं कृत कार्यवाही की समीक्षा की गई।अपर जिलाधिकारी ने एन0एच0ए0आई0 मार्ग के किनारों पर झाड़ियों के साफ-सफाई के संबंध में अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका खलीलाबाद एवं एन0एच0ए0आई0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया।अपर जिलाधिकारी ने एआरटीओ एवं यातायात पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि ट्रैफिक नियमों का बार-बार उल्लंघन करने पर लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि जनपद के शहरी भाग में चिह्नित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरा जो लगाए गए हैं उनकी प्रॉपर चेकिंग की जाती रहे।जनपद में डंपिंग यार्ड बनाए जाने के संबंध में जमीन की उपलब्धता एवं इस संबंध में की गई कार्यवाही की अद्यतन स्थिति के संबंध में अपर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका सहित संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बताया गया कि जनपद में टैक्सी स्टैंड का स्थान चिह्नित करते हुए आधारभूत सुविधा की उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने का कार्य प्रगति पर है।अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि सड़कों पर गलत साइड एवं नो-पार्किंग में खड़े वाहनों का नियमित तौर पर जांच कर चालान किया जाए तथा चालान किए गए वाहनों की संख्या को भी दशार्या जाए। उन्होंने एआरटीओ एवं संबंधित पुलिस अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में अभियान चलाकर माल वाहक गाड़ियों के पीछे विशेष तौर पर ट्रैक्टर ट्राली के पीछे रिफ्लेक्टर/रेडियम पट्टी लगाया जाए। अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका ने बताया कि शहर में सामुदायिक शौचालय बनाए जाने हेतु जगह को चिन्हित करते हुए बनाने की दिशा में कार्यवाही की जा रही है।बैठक में अपर जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया है कि जनपद के मुख्य चौराहों पर यातायात के समुचित व्यवस्था हेतु ट्रैफिक लाईट की व्यवस्था करायी जाय तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से सम्बंधित संकेतकों को भी स्पष्ट रूप से दशार्या जाए। जनपद में टैक्सी स्टैण्ड का संचालन सुव्यवस्थित करने एवं शहर में आवश्यकतानुसार और स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु नगर पालिका के अधिकारी को निर्देशित किया गया।अपर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक ब्लैक स्पॉट पर टेबल टॉप रम्बल स्ट्रिप बनाया जाय एवं सीट बेल्ट व हेलमेट का पालन करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाय ।

# जमीन जेहाद को लेकर हियुवा ने डीएम को सौंपा पत्र, कार्रवाई की मांग



**बस्ती , 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।** बुधवार को हिन्दू युवा वाहिनी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश मंत्री अरुण भारती के नेतृत्व में वाहिनी के पूर्व पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को पत्र देकर बस्ती शहर के प्रमुख स्थानों पर हिन्दू सम्पत्तियों और सार्वजनिक परिसर में मजार बनाकर जमीन जेहाद के क्रम में उपयोग, वक्फ की घोषणा के षड़यंत्र की जांच कराने की मांग किया। मांग किया कि ऐसे स्थानों को खाली कराकर सरकार उसे अपने नियंत्रण में ले।डीएम को दिये पत्र में कहा गया है कि बस्ती नगर पालिका परिषद के प्रमुख के हिन्दू संपत्तियों एवं सार्वजनिक परिसर में मजार बनाकर जमीन जिहाद के क्रम में उपयोग के आधार पर (वक्फ)का चयन रचे जाने के संबंध में जांच हो।हियुवा के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय प्रताप सिंह,पूर्व जिला महामंत्री विनय सिंह संजय मद्धेशिया, धीरेन्द्र कुमार ह्यलल्लू पाण्डेय आदि ने डीएम का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि त्रिपाठी चित्र मंदिर, सुंदर टॉकीज,रौता चौराह की गली में सड़क के बीचो बीच तथा न्याय मार्ग, के मेन रोड पर ,जिला अस्पताल के परिसर में मजारों का होना और बन जाना निश्चित 2013 के बाद किसी के दिमाग की फितूर नहीं है, आश्चर्य जनक क्या है कि यहां ना कोई फकीर, ना कोई मौलवी,न यहां रहा है और न मरा है फिर मजार किसकी है। केवल शरारती और षड्यंत्रकारी करतूतों के तहत इसको अंजाम दिया गया। यह तो वह स्थान है जो हिंदू प्रॉपर्टी का दिखता हुआ प्रकरण है इसके अलावा ना जाने शहर में आसपास के पब्लिक प्रॉपर्टी पर तों जाने अंजाने कितने ऐसे मामले हैं। जैसे अमहट घाट के उस पार मस्जिद नदी की डोप एरिया में निर्माण तेजी से बढ़े हैं। राजस्व अकैडमी समस्या के गंभीर होने तक का इंतजार करने वाले पौराणिक आदत में मस्त है, और जब समय के साथ स्थान से एक बड़ी संख्या जुट जाती है तो वह बड़ी घटनाओं का कारण बनती है।

मांग किया कि इसकी समीक्षा करा लिया जाय और जमीनों को सरकार अपने नियंत्रण में ले।

# पृथ्वी दिवस पर इंडियन रेडक्रास सोसायटी ने किया पौधरोपण

**बस्ती, 23 अप्रैल(तरूणमित्र)।** इंडियन रेडक्रास सोसायटी की ओर से पृथ्वी दिवस पर जिला उद्योग केन्द्र परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर 21 पौधे रोपित किये गये। सोसायटी के चेयरमैन डा. प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा पृथ्वी दिवस मनाने का उद्देश्य पर्यावरण को संरक्षित करना है। पौधरोपण करके हम पृथ्वी को सूर्य की हानिकारक अल्ट्रा वायलट किरणों से होने वाली क्षति से बंचा सकते हैं।

इससे सूर्य की किरणें सीधे पृथ्वी तक पहुचेंगी तो इससे मनुष्य, पेड़ पौधों और जानवरों के लिये गंभीर संकट उत्पन्न हो जायेगा।वायस चेयरमैन डा. एल.के. पाण्डेय, राजेश कुमार ओझा ने कहा धरती को हरा भरा रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। संचिव रंजीत श्रीवास्तव ने कहा पौधरोपण का क्षेत्र बहुत व्यापक है, मिल जुलकर जिम्मेदारी निभाने से लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उत्तर प्रदेश की आदित्यनाथ सरकार ने पौधरोपण की दिशा में ना कीर्तिमान स्थापित किया है।

इसी तरह हर नागरिक को आगे आना होगा।

उन्होने कहा सोसायटी की ओर से व्यापक पौधरोपण अभियान चलाकर इसे गति प्रदान किया जायेगा। पौधरोपण के समय प्रमुख रूप डा. मनोज सिंह, प्रशान्त चौधरी, अजय चौधरी, इशान, सतेन्द्र कुमार दूबे, उद्योग उपायुक्त हरेन्द्र प्रताप, जितेन्द्र कुमार गौतम, हरिश्चन्द्र शुक्ला, इलियास अहमद, अनिल कुमार सरोज, शुभम सिंह शिवाकर आदि उपस्थित थे।






## संक्षिप्त समाचार

### एएसपी ने किया पुलिस के पदों पर भर्ती के अन्तर्गत चल रहे मेडिकल परीक्षण का निरीक्षण

**बस्ती , 23 अप्रैल(तरूणमित्र)।** अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती ओम प्रकाश सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 के अन्तर्गत चल रहे मेडिकल परीक्षण का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यह प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो साथ ही, अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### नशीली गोलियों के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**गोंडा , 23 अप्रैल(तरूणमित्र)।** मिली जानकारी अनुसार बुधवार को थाना कोतवाली नगर के उपनिरीक्षक प्रदीप कुमार गंगवार मय फोर्स शांति व्यवस्था हेतु क्षेत्र भ्रमण में रवाना थे। उतरौला रोड़ सोनीगुमती रेलवे क्रासिंग के पास चेकिंग के दौरान अभियुक्त जमील अहमद पुत्र यूसुफ निवासी ग्राम तिवारी पुरवा, खोरहंसा थाना कोतवाली देहात, जनपद गोण्डा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 130 टेबलेट अल्प्राजोलम (नशीली गोलियां) बरामद किया गया। थाना स्थानीय पर गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0-310/2025, धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कराकर विधिक कार्यवाही की गयी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 10 मई को

**बस्ती , 23 अप्रैल(तरूणमित्र)।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 10 मई 2025 को जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्टेज्ट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार ने बताया है कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण करायें।उन्होने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

### राधेश्याम का नेतृत्व राष्ट्रीय मंच पर चमका बलरामपुर टीम को मिला सम्मान

**उतरौला/बलरामपुर, 23 अप्रैल (तरुणमित्र)।** गुरु गोरखनाथ स्वास्थ्य सेवा यात्रा 5.0 के अंतर्गत आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह सोमवार को लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल ऑडिटोरियम में अत्यंत गरिमामयी और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। यह समारोह उन कार्यकताओं को सम्मानित करने के लिए था, जिन्होंने भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस अवसर पर नेशनल मेडिकोज ऑर्गनाजेशन (एनएमओ) बलरामपुर के जिलाध्यक्ष राधेश्याम वर्मा ने अपने कार्यकताओं के साथ भव्य उपस्थिति दर्ज कराई। बलरामपुर टीम की अनुशासित, सक्रिय और सेवाभावी भागीदारी ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। श्री वर्मा के नेतृत्व में पूरी टीम ने सेवा यात्रा के दौरान जो समर्पण और अनुशासन दिखाया, वह इस समारोह में भी परिलक्षित हुआ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह और आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले जैसे दिग्गजों की उपस्थिति में जब आयोजकों ने राधेश्याम वर्मा के नेतृत्व की प्रशंसा की, तो वह क्षण बलरामपुर के लिए गर्व का विषय बन गया। श्री वर्मा तथा उनके साथ आए प्रत्येक कार्यकर्ता को भी भरपूर आदर और मान दिया। यह पहल दशार्ती है कि वे नेतृत्व में समानता और समर्पण के पक्षधर हैं। कार्यकताओं ने बताया कि वर्मा जी हर एक सदस्य को परिवार की तरह सम्मान देते हैं, और यही कारण है कि बलरामपुर की टीम हर बार सेवा कार्यों में अग्रणी रहती है।

### चालीस गांव को जोड़ने वाली काली सड़क का कार्य शुरू

**गोंडा , 23 अप्रैल(तरूणमित्र)।**20 वर्षों से चिलबिला खत्तीपुर के ग्रामीणों का जनप्रतिनिधियों से एक ही मांग थी कि 40 गांव को जोड़ने वाली काली सड़क प्रधान पुरवा से बहराइच मार्ग को जोड़ने वाली सड़क का जो पूर्ण हो गया ।चिलबिला खत्तीपुर प्रधान पूरवा से खिरौरा व ठोरहंस काली रोड के 40 गांव को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो गया है,लोकसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी करण भूषण सिंह के भाई सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह का लोकसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा था,चिलबिला खत्तीपुर विधायक का काफिला पहुंचा तो पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य श्री नारायण शुक्ला की अगुवाई में ग्रामीणों ने प्रधान पूरवा से बहराइच हाईवे मार्ग तक काली सड़क निर्माण की मांग किया था,

# पैसे के लेन-देन के विवाद में युवक की हत्या

**मेहनवन(गोंडा) , 23 अप्रैल (तरूणमित्र)।**धानेपुर थाना क्षेत्र के मेई दूबे गांव के 26 वर्षीय मेवा लाल की हत्या उसके ही साथियों ने पैसे के लेन-देन के चलते कर दी। मिली जानकारी अनुसार लुधियाना से एक दर्दनाक घटना सामने आया है जिसमे धानेपुर थाना क्षेत्र के मेई दूबे गांव के रहने वाले मेवालाल की हत्या उसके साथियों ने कर दी। घटना में मुख्य आरोपी पंडित पुरवा गांव का पूंजाराम है उसने रुपए की लेनदेन की विवाद में पहले मेवालाल को शराब पिलाई फिर अन्य साथियों के साथ मिलकर शहर से दूर ले जाकर चाकू से हमला कर दिया, उसकी हत्या कर दी। स्थानीय लोगों ने एक आरोपी को पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। हत्या के बाद आरोपी ने परिवार को फोन कर दुर्घटना मैं मौत की झूठी सूचना दी। मृतक के पिता बेकारू और छोटा भाई शव लेने लुधियाना पहुंचे हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव को गांव लाया जाएगा। मेवालाल की पत्नी, बूढी मां और बहनों का रो रो कर बुरा हाल है?। उनकी 6 साल की बेटी को भी पिता का मौत का पता नहीं है। बहन के अनुसार आरोपी पूंजाराम कई सालों से थोड़े-थोड़े करके लाखों रुपए उधार ले चुका था। पैसे वापस मांगने को लेकर कई बार विवाद हुआ था। मेवालाल अपनी मां के इलाज के लिए दिए हुए उधार के पैसे मांग रहा था। पंजाब पुलिस ने पकड़ेगये आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटना की सूचना मिलते ही रिश्तेदार व आसपास के लोग मृतक के घर पहुंच रहे हैं।